Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ चंद्रघंटा

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ चंद्रघंटा

वर्षः 6 अंकः 264 | गुरूवार, 25 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## छठी अनुसूची को लेकर

# लेह में हिंसक प्रदर्शन, चार की मौत और 80 से अधिक घायल

**जम्मू/लेह।**

लद्दाख के हितों के लिए लड़ रहे लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने और बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए वीरवार को कारगिल बंद का एलान किया गया है। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हिंसक विरोध प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई। युवा प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पों में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा एवं लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के दफ्तर

### कर्फ्यू...इंटरनेट पर पाबंदी

और कई वाहनों में आग लगा दी। हालात बेकाबू होते देख सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे, लाठीचार्ज किया व फायरिंग की। लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवा रोक दी गई है। हिंसा के बाद चार दिवसीय वार्षिक लद्दाख महोत्सव रद्द कर दिया गया। लोगों के जमा होने पर पाबंदी लगा दी गई। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल तोड़ते हुए युवाओं से शांति बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में छात्र शामिल थे। वांगचुक मांगों को लेकर 15 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे थे। लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा के 15 कार्यकर्ता भी 10 सितंबर से 35 दिन की भूख हड़ताल पर थे। दो कार्यकताओं की हालत बिगड़ने पर मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद एलएबी ने बुधवार को लेह बंद का एलान किया था। बंद में बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और मार्च निकाला। स्थिति तब बिगड़ी, जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस व सुरक्षाबलों पर पथराव कर दिया। भाजपा व हिल काउंसिल के मुख्यालय पर पथराव के साथ आगजनी की गई।



### वांगचुक बोले-यह युवाओं की क्रांति...पर हिंसा रोकें

यह जेन–जी नहीं, युवाओं की क्रांति है। युवा पांच साल से बेरोजगार हैं। लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम शांति के रास्ते पर चल रहे थे। आज हम शांति के पैगाम को नाकाम होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी व आगजनी हो रही है। युवाओं से अपील करता हूं कि बेवकूफी बंद करें। इससे हमारे मकसद को नुकसान पहुंचता है। हम अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं।

### बाहरी लोगों की भूमिका की जांच कराएंगे : उपराज्यपाल

लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन का अधिकार है, पर यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। बीते दो दिन में लगातार लोगों को भड़काने की कोशिशें की गईं। यहां के प्रदर्शन की तुलना नेपाल व बांग्लादेश से की जा रही है। इससे साजिश की बू आती है।

## || सार संक्षेप

### शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का बेटा चैतन्य गिरफ्तार



**रायपुर।**

चैतन्य पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 18 जुलाई को गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक हिरासत में थे। छत्तीसगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो/इकोनॉमिक ऑफेन्स विंग (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल और एक अन्य आरोपी दीपेन चावड़ा को शराब घोटाले में गिरफ्तार किया। चैतन्य पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 18 जुलाई को गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक हिरासत में थे। एसीबी/ईओडब्ल्यू ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट के जरिये अदालत में पेश किया। मामले की जांच जनवरी 2024 में शुरू हुई थी। घोटाले की राशि 2,500 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है, जो 2019 से 2022 तक भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ था। चैतन्य के वकील फैसल रिजवी ने आरोप लगाया कि उनके मुव्वकिल को बिना किसी साक्ष्य के दबाव बनाने के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य और सहायक चार्जशीट में चैतन्य का नाम शामिल नहीं है।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर मंथन जारी

**नई दिल्ली।**



वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पानगढिया ने एक संसदीय समिति के समक्ष एक साथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन किया, जबकि पूर्व योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने इस पर असहमति जताई। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी विधानसभा चुनाव एक साथ हों, लेकिन लोकसभा चुनाव के साथ नहीं। एक अन्य अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने बुधवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के सिद्धांत का समर्थन करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए एक 'सकारात्मक शक्ति' बताया, लेकिन उन्होंने प्रस्तावित किया कि सभी राज्य विधानसभा चुनाव लोकसभा के मध्यावधि चुनाव के आसपास एक साथ कराए जाएं, जिससे चुनावों की आवृत्ति कम हो सके और राजनीतिक दलों पर जवाबदेही और नियंत्रण बना रहे।

### जेलेंस्की बोले- यूरोप मोल्दोवा खोने का खतरा नहीं उठा सकता

**नई दिल्ली।**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूएनजीए को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोप मोल्दोवा को बी रूसी प्रभाव के कारण खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। इसलिए यूरोपीय संघ को अब मोल्दोवा को वित्तीय और ऊर्जा सहायता देनी चाहिए। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने ईरान की परमाणु नीति के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी परमाणु बम बनाने की कोशिश नहीं की और भविष्य में भी नहीं करेगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'यूरोप मोल्दोवा को भी रूसी प्रभाव के कारण खोने का जोखिम नहीं उठा सकता।'

वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने ईरान की परमाणु नीति के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी परमाणु बम बनाने की कोशिश नहीं की और भविष्य में भी नहीं करेगा।

## पीएम मोदी आज करेंगे वर्ल्ड फूड इंडिया का उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

भारत मंडपम में होने वाले इस आयोजन में रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पत्रिशेव भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्ल्ड फूड इंडिया के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य घरेलू खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करना और भारत को खाद्य क्षेत्र में नवोन्मेष के वैश्विक केंद्र के तौर पर स्थापित करना है। भारत मंडपम में होने वाले इस आयोजन में रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पत्रिशेव भी शामिल होंगे। संवाददाताओं से बातचीत में इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ल्ड फूड इंडिया केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि भारत को खाद्य नवोन्मेष, निवेश और पर्यावरण अनुकूल उपायों के



वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक परिवर्तनकारी मंच है। उन्होंने कहा कि पिछले संस्करणों की सफलता को देखते हुए सरकार को इस वर्ष निवेश प्रतिबद्धताओं में और अधिक वृद्धि की उम्मीद है। गौरतलब है कि 2023 में इस कार्यक्रम के दौरान, 33,000 करोड़ के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## अजेय रहते हुए एशिया कप के फाइनल में भारत

**नई दिल्ली।**



दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनकेलिए सैफ हसन ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा अक्षर पटेल और तिलक वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की। भारत ने अजेय रहते हुए एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सुपर-4 में अब भारत का एक मुकाबला बचा है जो 26 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेला जाएगा। भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला फाइनल से पहले अभ्यास मैच होगा जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम अपनी फील्डिंग और गेंदबाजी में सुधार करना चाहेगी। सुपर-4 की अंक तालिका में भारत चार अंक और 1.357 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पाकिस्तान और बांग्लादेश क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर है। दोनों टीमों के बीच गुरुवार को वर्चुअल नॉकआउट मुकाबला खेला जाएगा, जो भी टीम इस मैच में जीत दर्ज करेगी वह 28 सितंबर को भारत के साथ फाइनल खेलेगी।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 37 गेंद में 75 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। हालांकि, वह अपनी इस पारी को शतक में तब्दील नहीं कर सके। उन्हें शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े रिशाद हुसैन ने रनआउट कर दिया। वहीं दूसरे छोर पर भारतीय बल्लेबाजों ने कुछ खराब शॉट खेले जिसमें शुभमन गिल, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव शामिल रहे। सूर्यकुमार को बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर जाकिर अली ने लेग साइड में शानदार कैच आउट किया।

### 'इंटरनेट मीडिया को मानने होंगे भारत के कानून'

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" (पूर्व में ट्वीटर) को कर्नाटक हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म "एक्स कार्प" की वह याचिका खारिज कर दी है जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी कानून (आइटी कानून) के तहत सरकारी अधिकारियों को सामग्री हटाने (टेकडाउन) का आदेश देने के अधिकार को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट हो गया है कि इंटरनेट मीडिया और सोशल मीडिया मनमाना नहीं हो सकता उसे भारत के कानून मानने होंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से कलाकारों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को 20 कलाकारों को ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने तथा समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है। पुरस्कार समारोह के साथ ही अकादमी में 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का समापन भी हुआ, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी और इंस्टालेशन जैसे विषयों में देश भर से 283 कलाकृतियां प्रदर्शित की



गईं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय परंपरा में कला को आध्यात्मिक साधना का एक रूप माना गया है। हमारे समाज में कलाकारों को विशेष सम्मान दिया जाता है। आपकी कला न केवल सौंदर्य अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने और समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में दिखायी कलाकृतियों से यह स्पष्ट है कि भारतीय कला निरंतर विकसित हो रही है और नए आयाम प्रस्तुत कर रही है। इस दौरान अभिषेक शर्मा, एस सोनम ताशी, विजय एम ढोरे, भास्कर जायती गोगोई, आशीष घोष, गिरिराज शर्मा, आनंद जयसवाल, केसीएस प्रसन्ना, कनु प्रिया, तापती भौमिक मजूमदार और वेणुगोपाल वीजी सहित सम्मानित कलाकारों को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि, एक स्मृति चिह्न और एक प्रमाण पत्र दिया गया।

## जीएसटी का लाभ नहीं देने वालों पर होगा सख्त एक्शन

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने दैनिक जागरण को बताया कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ नहीं देने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग के पास जीएसटी संबंधी जो शिकायतें आ रही हैं, उन शिकायतों को सीबीआइसी के पास भेजा जाएगा और फिर विभाग उन पर कार्रवाई करेगा। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जीएसटी कटौती का ग्राहकों को लाभ नहीं देने वाले दुकानदार अपना ही नुकसान कर रहे हैं। क्योंकि कई ऐसे दुकानदार है जिनका सालाना कारोबार 40 लाख रुपए से ऊपर का है और नियम के मुताबिक उनके पास जीएसटी पंजीयन होना चाहिए। ऐसे दुकानदार के खिलाफ अगर ग्राहक शिकायत करते हैं और फिर विभाग के अधिकारी उनकी पूरी छानबीन करेंगे तो उन्हें जीएसटी का पंजीयन भी लेना पड़ेगा और ग्राहकों को लाभ नहीं देने के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई भी होगी।



## संपादक की कलम से

# आपदा की मुखबिरी

हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं ने पिछली शताब्दी की शिकायत अर्ज की है, तो आने वाले भविष्य की पड़ताल भी शुरू की है। प्रदेश के कई शहर, कस्बे और गांव आपदा की जद में चिन्हित हुए, तो विकास की कई परियोजनाओं के कारनामे भी पकड़े गए। जाहिर है आपदा एक तरह के प्राकृतिक गुस्से का इजहार है, तो इसे समझने और इससे सीख कर एक न्यू प्लानिंग रिजीम बनाने की जरूरत है। प्रदेश को कई हिस्सों में बांट कर देखना होगा। यानी एक अपर हिमाचल, एक मिडल और एक तलहटी या मैदानी हिमाचल। हमने पहले भी कई बार उल्लेख किया था कि हिमाचल के ऊपरी, मध्य व मैदानी इलाकों की पारिस्थितिकीय को देखते हुए पर्यटन, शिक्षा, औद्योगिक, आवासीय तथा कनेक्टिविटी के समाधान खोजे जाएं। हिमाचल का पिछले कुछ दशकों से नए हिमाचल से मुकाबला चल रहा है। न्यू व ओल्ड मनाली को ही देख लें कि योजनाओं ने कहां-कहां गलती की। शिमला व न्यू शिमला की परियोजना में वास्तुकला देख लें कि कहां गलती हुई। क्या हम शिमला को शहर के रूप में विकसित करते रहे या इसे राजधानी विकास क्षेत्र के रूप में देखते हुए इसके आसपास आधा दर्जन उपग्रह केंद्र विकसित करने चाहिए थे। हमने तीव्रता से नई सडकें तो बनाई, लेकिन नए मार्ग प्रशस्त नहीं हुए। वहीं घूमकर फोरलेन भी धर्मशाला-शिमला के मध्य ट्रैफिक को देख रही है। क्या मंडी से मनाली पहुंचने का कोई और सुरक्षित व वैकल्पिक मार्ग नहीं हो सकता था। उसी परवाणू-शिमला मार्ग को हम फोरलेन की चारदीवारी से ढांपने की कोशिश में ढलानों में कब्रगाह खोदते रहे। आश्चर्य यह कि हमने हिमाचल की समग्रता में योजनाएं-परियोजनाएं बनाने के बजाय सत्ता के सुख और सत्ता के प्रभाव में स्थानीय और क्षेत्रवाद का चमत्कार दिखाने का रुतबा बना लिया। यही रुतबा बार-बार धर्मपुर के बस स्टैंड पर आकर ढह जाता है। सराज में ढही या विद्रूप हुई सरकारी इमारतें दरअसल राजनीतिक प्रभाव की अधकचरी चिनाई ही तो साबित कर रही है। हमने गांव को शहरी संस्कृति के विकास तक पहुंचा दिया।



ललित शर्मा
संपादक

**मोनिका डागा**

## देवी दुर्गा भवानी

कविता



देवी दुर्गा भवानी मात तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा,
ये जीवन तुझपे दाती वारा, बहा दे जीवन में अमृत धारा ।
समय चलता है चाल, माया का ये जाल,
कोई पूछे न हाल, कष्ट अति भारी विशाल,
मायानगरी में दु:खों से हारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
अंबा तू है दयाल, रखें सब का ख्याल,
पहने मुंडो की माल, संकटों को देती टाल,
तूने भक्तों को भव से तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
दुर्गा तू है कृपाल, हम भवानी तेरे लाल,
न हो बांका बाल, आनंद होगा मालामाल,
मैं हूँ तेरा सेवक भगवती प्यारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
तू दुष्टों की है काल, काली चण्डिका विकराल,
ओढ़े चुनरी लाल लाल, मांग टीका सोहे भाल,
लगा दे मेरी नैया को किनारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा
देवी दुर्गा भवानी मात तारा, मॉं तू ही है मेरे जीवन का सहारा,
ये जीवन तुझपे दाती वारा, बहा दे जीवन में अमृत धारा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# तीसरा नवरात्रा : मां चंद्रघंटा को लाल और पीले फूल जरूर चढ़ाएं

## पूजा विधि

स्नान और पवित्रता : सुबह जल्दी उठें, सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें।

मां चंद्रघंटा की पूजा : मां चंद्रघंटा की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें। इसके बाद पूजा में मां को लाल और पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें ।

पुष्प और अक्षत : मां चंद्रघंटा को कुमकुम, पुष्प और अक्षत अर्पित करें ।मां चंद्रघंटा को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए पूजा में लाल व पीले रंग के फूलों का प्रयोग करें।

दीप और धूप : दीप और धूप जलाएं और मां चंद्रघंटा की आरती करें। दुर्गा सप्तशती के अंत में मां चंद्रघंटा की आरती है। उसका पाठ भी करें। इन सभी विधियों को विधिपूर्वक करने से मां चंद्रघंटा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।



## मां चंद्रघंटा के मंत्र

मूल मंत्र : ॐ देवी चंद्रघंटायै नम :
वंदना मंत्र : पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं
चन्द्रघंटेति विश्रुता।।
मां का ध्यान
पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते महयं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।
वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।
सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम्॥
मणिपुर स्थितां तृतीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
रंग, गदा, त्रिशूल,चापचर,पदम्‌ कमण्डलु माला
वराभीतकराम॥

## मां चंद्रघंटा का प्रिय भोग

मां चंद्रघंटा की पूजा में खीर का भोग अर्पित करना सर्वोत्तम माना जाता है। मां को विशेष रूप से केसर की खीर बहुत पसंद है। इसके अतिरिक्त, आप लौंग, इलायची, पंचमेवा और दूध से बनी मिठाइयां भी मां को विशेष भोग के रूप गाय के दूध का भोग लगावे जिससे दुखों से मुक्ति प्राप्त होगी।

## मां का स्वरूप अलौकिक

मां चंद्रघंटा का स्वरूप अत्यंत अलौकिक और भव्य माना जाता है। उनका रूप शांतिपूर्ण होने के साथ-साथ उनकी शक्ति भी अद्वितीय है, जो हर क्षेत्र में सफलता और समृद्धि प्रदान करती है। मां चंद्रघंटा की पूजा से जीवन के सभी पहलुओं में सफलता प्राप्त होती है। विशेष रूप से, इस दिन सूर्योदय से पहले पूजा करनी चाहिए। इस समय मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

*नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। यह ज्ञान और तप की देवी हैं। आध्यात्मिक गुरु पंडित कमला पति त्रिपाठी प्रमोद कहते हैं कि भागवत पुराण के अनुसार मां चंद्रघंटा का रूप अत्यंत शांत, सौम्य और ममतामयी है।*

## मां चंद्रघंटा की पूजा के लाभ

साहस और शक्ति : मां चंद्रघंटा की पूजा से साहस और शक्ति की प्राप्ति होती है।

रक्षा और सुरक्षा : मां चंद्रघंटा की पूजा से जीवन में सुरक्षा और शांति की प्राप्ति होती है।

आध्यात्मिक विकास : मां चंद्रघंटा की पूजा से आध्यात्मिक विकास होता है और जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है।

## अन्त्योदय दिवस -25 सितंबर, 2025

# अन्त्योदय नये भारत का आधार वंचित के उत्थान का संकल्प



**ललित गर्ग**

भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक चेतना में सदैव यह विचार रहा है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति-वह व्यक्ति जो सबसे अधिक उपेक्षित, वंचित और अभावग्रस्त है, उसके जीवन में भी सुख, सम्मान और समृद्धि का प्रकाश पहुँचे। यही विचारधारा अंत्योदय के रूप में प्रकट हुई। अंत्योदय केवल एक नारा या कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज-जीवन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। अंत्योदय दिवस इसी दर्शन की याद दिलाने और उसे व्यवहार में उतारने का अवसर है। यह दिवस हर वर्ष 25 सितम्बर को मनाया जाता है, क्योंकि यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि है। दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के सिद्धांत को भारतीय राजनीति और समाज के केन्द्र में स्थापित किया। उन्होंने कहा था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि उस सत्ता का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

आज गांव, गरीब और स्वराज में दीनदयाल उपाध्याय की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। अंत्योदय दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हमें यह स्मरण कराना है कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास यात्रा में शामिल हो सके। यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि योजनाएँ और नीतियाँ केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जो वर्षों से उपेक्षा, गरीबी और अभाव का शिकार रहा है। आज भारत नए शिखरों की ओर अग्रसर है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक पहचान निरंतर बढ़ रही है। लेकिन यदि यह प्रगति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तो यह विकास अधूरा है। इसलिए अंत्योदय दिवस हमें विकास के मानवीय आयाम की याद दिलाता है। यह नागरिकों



और नीति निमार्ताओं को वंचितों का समर्थन करने की जिम्मेदारी का अहसास कराता है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है, और पूरे देश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित करता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे और एक प्रखर चिंतक, दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उनका सबसे बड़ा योगदान था-एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन। एकात्म मानववाद का अर्थ था कि मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई न माना जाए, बल्कि उसके जीवन के सभी आयामों-शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक का संतुलित विकास हो। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता तथा आत्मनिर्भरता पर केंद्रित था। अंत्योदय का अर्थ था विकास की कसौटी पर यह देखना कि समाज में सबसे अंतिम व्यक्ति का जीवन कितना सुधर रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारी योजनाओं और प्रयासों की सफलता तभी मानी जाएगी जब सबसे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचे। दीनदयाल जी का यह दर्शन महात्मा गांधी की अंतिम जन की अवधारणा से भी जुड़ा है। गांधीजी कहा करते थे कि किसी भी निर्णय से पहले यह सोचना चाहिए कि उसका लाभ सबसे अंतिम और सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचेगा या नहीं। दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विचार को राजनीतिक और आर्थिक विमर्श का आधार बनाया। आज जबकि समूची देश एवं दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी अभाव, उपेक्षा एवं संघर्षरत लोगों के लिये पंडित उपाध्याय का अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। अंत्योदय का शाब्दिक अर्थ है-अंतिम व्यक्ति का उदय। इसका व्यावहारिक अर्थ है कि गरीब को जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ मिलें, किसान, श्रमिक, दलित, आदिवासी और वंचित वर्ग की समस्याओं का समाधान हो, समाज में कोई भी उपेक्षित या निराश्रित न रहे और आर्थिक असमानता घटे गरीबी का संबोधन खत्म हो ताकि सभी को समान अवसर मिलें। यह केवल आर्थिक उत्थान तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और आत्मनिर्भरता की स्थापना का भी संदेश है। आज भारत गरीबमुक्ति की ओर अग्रसर होकर इसी विचार एवं दर्शन को मजबूती दे रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाने निर्णय इसलिये लिया गया कि उन्होंने जीवनभर वंचितों, गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए चिंतन और कार्य किया। उनका जीवन तपस्या और सादगी का प्रतीक था। वे स्वयं किसी प्रकार की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से दूर थे, लेकिन समाज के लिए समर्पित थे।

# रामलीला महोत्सव के नवें दिन भक्ति, कला और उल्लास का संगम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड बुधवार को भक्ति और संस्कृति के ऐसे रंगों में रंगा कि हर कोई देर रात तक वहीं ठहरने को मजबूर हो गया। श्रीरामलीला महोत्सव का नवां दिन दिव्यता, उल्लास और अद्भुत प्रस्तुतियों का ऐसा अनोखा संगम बना कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों के बीच भक्ति रस में डूबती रही। सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं के साथ दिन का शुभारंभ हुआ। नटखट बाल कृष्ण की माखन चुराने की अदाएं और प्रेममयी छवियों ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी का मन मोह लिया। बच्चे ठहाकों से गूंज उठे, तो बुजुर्गों की आंखें भक्ति भाव से नम हो उठीं। जैसे ही शाम ढली, रामलीला मैदान रंगीन रोशनियों, भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार से जगमगा उठा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी, कैकई-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकई संवाद, समरासुर वध, वन गमन और तमसा तट पर निवास जैसे प्रसंगों ने तालियों की गड़गड़ाहट और ह्लजय श्रीरामह्व के नारों से पूरा वातावरण गूंजा दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता एवं विजय वर्मा का समिति द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। नवें दिन की प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों को भक्ति और भावनाओं की गहराई में उतारा, वहीं आने वाले दिनों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया। निस्संदेह, रामलीला महोत्सव की यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा हर दर्शक के जीवन में अविस्मरणीय यादें जोड़ रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय मीना मेले का किया आयोजन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नगीना।** पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय- बूढ़ावाला, विकास खंड-कोतवाली में एक दिवसीय मीना मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता तथा प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार के संचालन में एक दिवसीय मीना मेले का आयोजन किया गया। मेले में बालिकाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं समानता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर बालिकाओं की प्रतिभा को मंच मिला तथा शिक्षा के महत्व पर सभी को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती सीमा देवी, सदस्य चंद्रप्रकाश तथा विद्यालय के सभी अध्यापक सुश्री कामिनी दिवाकर, महीपाल सिंह, अनिल कुमार, रेनू रानी और राहुल पाल सहित शिक्षा मित्र नीतिका तथा अनुदेशक रीना रानी एवं तरुण कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

# राकेश टिकैत को गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु ग्रंथ साहिब को माथा टेकने पहुंचे राकेश टिकैत जैसे ही राकेश टिकैत के गुरुद्वारा साहिब पहुंचे प्रबंधक कमेटी की ओर से राकेश ? टिकट को सम्मानित किया गया इस मौके में राकेश टिकैत ने कहा मुझे पता लगा है की वीर खालसा सेवा समिति पंजाब में कई दिन बाढ़ पीड़ितों की मदद करके आई है वह बधाई के पात्र है और वह उसे जगह गई है जहां बाढ़ पीड़ित के पास मदद काम आ रही थी मैं उन्हें बधाई देता हूं इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह राकेश टिकट व उनके साथ जिला अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल को सिरोंपा देकर सम्मानित किया इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर ? राकेश टिकैत के साथ जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह गिल व उनके कई साथी गुरुद्वारा साहिब पहुंचे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार निर्मल सिंह सचिन सरदार मनमीत सिंह अमरजोत सिंह कपूर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह सेवा सिंह सुरजीत सिंह। हरमिंदर सिंह मेंद्री मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत राहुल यादव ने किया रक्तदान



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

नूरपुर- प्रधानमन्त्री मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे ՟सेवा पखवाड़ा՟ अभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल के कार्यकर्ताओ ने मुरादाबाद रोड स्थित जनता चैरिटेबल ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। नूरपुर मंडल मन्त्री राहुल यादव ने रक्त दान किया। इस अवसर पर जिला महामन्त्री नरेश भाटी, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामन्त्री वीर प्रकाश सिंह भुईयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, प्रेमपाल रवि, हरभजन डॉ शीला राणा, सरौता सिसोदिया आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जशन मेले का भव्य शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी (संतोष कुमार सिंह)** :- जश्न फैशन लाइफस्टाइल के करवा चौथ और दिवाली के उपलक्ष्य में 24 सितम्बर बुधवार कों एक महमूरगंज स्थित शुभम लॉन में भव्य मेले का किया गया आयोजन उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि उमा बजाज,उषा केजरीवाल और शांती रूंगटा,शालिनी मेहरा,मीना त्रिवेदी, पूजा मधोक और डाक्टर शालिनी टंडन ने दीप प्रज्वल्लित कर मेला उदघाटन किया। मेले में 70 के करीब विभिन्न प्रकार के स्टाल्स लगाए गऐ देश के अलग-अलग शहरों जैसे जयपुर,कोलकत्ता,नई दिल्ली, कानपुर,प्रयागराज,लखनऊ,भदोही, अमृतसर आदि के साथ साथ वाराणसी और आस-पास की भी कई नायाब कलात्मक वस्तुओं के स्टाल्स लगें खास दिवाली और करवा चौथ को केंद्रित कर लगाए गए इस मेले में कपड़ों,चादरों,बंदनवार,आर्ट ज्वेलरी,फर्नीचर और हाउस होल्ड प्रोडक्ट्स,कार्पोरेट गिफ्ट,होम मेड आइसक्रीम,रियल डायमंड ज्वेलरी और सिल्वर ज्वेलरी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जमकर खरीदारी कर महिलाओं ने जश्न मेले की भरपूर सराहना की कहा कि एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोग की वस्तुओं का संकलन मिलना अद्भुत है विभिन्न प्रकार के खाने के स्टाल बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु लगाए गए जश्न मेले का वाराणसी शहर में यह तेरहवां वर्ष है जिसका आयोजन नीतू मुरारका,साक्षी कपूर और नैंसी बत्रा करती हैं सभी अतिथियों ने जश्न टीम की भरपूर तारीफ की और उत्साह वर्धन कीया।

# माता रानी की ज्योत जलाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ : राजेश सैनी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धनौरा।** प्रथम नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता रानी की ज्योत जलाई गई। पूर्व चेयरमैन राज्य सैनी ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रथम नवरात्रि पर महाराजा शूरसैनी पार्क अमरोहा रोड मोहल्ला गांधीनगर धनोरा में सार्वजनिक माता रानी के जागरण में विधि विधान से पूजा करा कर माता रानी की ज्योत जलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सभासद जगत सैनी बूथअध्यक्ष डॉ विजयपाल सैनी, रामकिशोर, संजय शर्मा, राहुल प्रजापति, विमल, रिंकू, सत्येंद्र प्रजापति, अंकित सैनी, गौरव सैनी, नरेंद्र कश्यप, जसपाल, ऋतिक, शंकर, पवन हुकम सिंह आदि सैकड़ो भक्तजन उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने रैली और नुक्कड़ नाटक से दिया बाल विवाह रोकने का संदेश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नगीना।** मिशन शक्ति 5 अभियान के चौथे दिन की शुरूआत बुधवार 24 सितंबर को भव्य रैली से हुई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पुरैनी की छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली।

स्लोगन गूंज रहे थे- बाल विवाह बंद करो, बेटियों को पढ़ने दो। छोटी उम्र शादी नहीं, पढ़ाई है सबसे सही रैली के उपरांत बालिकाओं ने गांव की चौपाल पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर जबरदस्त नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। अभिनय के दौरान छात्राओं ने दिखाया कि कैसे बाल विवाह से शिक्षा रुक जाती है, सेहत बिगड़ती है और बच्चियों के सपने अधूरे रह जाते हैं। संदेश साफ था,शिक्षा से ही बेटियों का भविष्य सुरक्षित है, बाल विवाह अंधकार है। ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।विद्यालय की वार्डन सुषमा रानी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा मिशन शक्ति 5 कार्यक्रम सभी विद्यालयों में बहुत जोरों से चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत लगातार ऐसी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, ताकि गांवझ्रगांव में यह संदेश पहुंचे कि बाल विवाह अपराध है और बेटियां बोझ नहीं, बल्कि देश का भविष्य है।

# जातिवाद खत्म करने का संकल्प : सुंदर राणा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



■ इस अवसर पर समाज को एक माला में सजाने का कार्य करने की योजना और केसरिया महासभा की योजना पर विचार हुआ।

**नूरपुर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा का समाज के लोगों ने श्री राम संतोष गार्डन गोहावर में फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेमपाल भाटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दीप सौरभ पार्थ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महासभा के जिला अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंजीनियर कवीश राणा अध्यक्ष मंडल-मुरादाबाद ने सनातन धर्म को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्वजों द्वारा वर्ण व्यवस्था पर प्रकाश डाल अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की आगामी योजनाओं को बताया, जो व्यक्ति विद्वान, वेदों, पुराणों, गीता, रामायण, नैतिक शास्त्रों आदि का अध्ययन कर पूर्णतया प्राप्त करता था, वह ब्राह्मण कहलाता था, जो व्यक्ति शासक, देश, धर्म, न्याय, समाज की सुरक्षा के लिए सर्वस बलिदान करने के लिए सदैव तैयार रहता था। वह क्षत्रिय कहलाता था। जो धन संचय कर समाज, देश, धर्म को समर्पित करता था वह वैश्य कहलाता था। एवं इसी प्रकार जो व्यक्ति खेतों खलिहानों में अपना श्रम कर समाज की सेवा, पालन पोषण करता था वह सेवक (शुद्र) कहलाता था। इस प्रकार सनातन धर्म चार वर्णों द्वारा संचालित किया गया था सामाजिक कुरीति एवं धर्म विरोधीयों द्वारा वर्ण व्यवस्था को जातिगत रूप दे दिया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने जातिगत व्यवस्था को समाप्त कर सभी को एक साथ जोड़कर प्रभु श्री राम के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। समाज को एक माला में सजाने का कार्य करने एवं केसरिया महासभा की योजना पर विचार हुआ। इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है और समाज के लोगों को एक साथ आने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर समाज को एक माला में सजाने का कार्य करने की योजना और केसरिया महासभा की योजना पर विचार हुआ। इस मौके पर यशपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार, अशोक राणा, शूरवीर सिंह, योगेंद्र कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, किरण आर्य, मनोज कुमार, अवनीश कुमार, मलखान सिंह, मुकेश कुमार सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला का शव रेलवे लाइन के पास झाड़ में पड़ा मिला

**नगीना।** अज्ञात महिला का शव रेलवे लाइन के पास झाड़ में पड़ा मिला सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया। बुधवार की दोपहर को रेलवे स्टेशन पुरेनी के निकट खंबा नंबर 1469/16-14 के बीच डाउन लाइन पटरी के सहारे अज्ञात महिला का शव मिला, जीआरपी के अनुसार मृतक महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आने के कारण प्रतीत होती है। महिला के शव के पास एक कपडे की पोटली मिली जिसमे कपडे व एक टिकट नजीबाबाद जंक्शन से अंबहेटा दिनांक 22/09/25 का मिला है अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया,लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। राजकीय रेलवे पुलिस कर्मियों ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# भोजूबीर में एसआरएस कम्युनिकेशन का भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी (संतोष कुमार सिंह)** :- भोजूबीर स्थित एसआरएस ग्रुप के नए ब्रांच एसआरएस कम्युनिकेशन का 24 सितम्बर बुधवार कों भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल नें फीता काटकर किया भव्य उद्घाटन उक्त अवसर पर वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या उपस्थित रहीं उद्घाटन के उपरांत एसआरएस ग्रुप के एमडी शैलेश पाण्डेय नें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों कों किया सम्मानित भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल नें उद्घाटन के शुभ अवसर पर एसआरएस ग्रुप के एमडी शैलेश पाण्डेय कों दी बधाई और शुभकामनाऐं भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल के साथ लक्ष्मी हॉस्पिटल रोडवेज के डाक्टर अशोक राय,भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, बड़े उद्योगपति,पुलिस अधिकारी व वरिष्ठ समाजसेवी,भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा व जिला प्रभारी भदोही नागेंद्र रघुवंशी,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या,अजगरा विधायक टी राम,जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह,मधुकर पाण्डेय, अशोक राय,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह वीरू,अमित प्रकाश चौबे, अजय उदल,मनीष चौबे समेत कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार/साहित्यकार डा लियाकत अली जलज शब्द शिल्पी सम्मान से हुए सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी (संतोष कुमार सिंह)** :- चेतना साहित्यिक मंच के द्वारा डाक्टर लियाकत अली जलज को गत दिनों शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गयो शहर के माने जाने कवियों और साहित्यकारों को चेतना साहित्यिक मंच ने साहित्यिक गतिविधियों के लिए सभी साहित्यकारों को शहर के एक निजी होटल में मुख्यातिथि स्वामी संतोषानंद महाराज के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार/साहित्यकार डाक्टर लियाकत अली जलज को शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए डाक्टर विनय कुमार शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था साहित्यिक गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध है जिसके तहत हम काशी के कवियों और साहित्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित करते है खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में काशी के कवियों में डाक्टर महेंद्र अलंकार,जितेंद्र कुमार टोपी,संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रीत,कुमार महेंद्र,शमीम गाजीपुरी,खलील अहमद राही,करुणा सिंह,संगीता श्रीवास्तव,शायरा इशरत जहां इत्यादि लोग शब्द शिल्पी सम्मान से हुए सम्मानित।



# सभी अधिकारी समय से पूर्ण कर लें अपनी-अपनी कार्य योजनाएं : डीएम

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 5.0 के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु जो भी कार्य योजना तैयार की जा रही है उसका समय से पालन करना सुनिश्चित करें तथा अलग अलग कार्यक्रम हेतु जो भी तिथियां निर्धारित की गई हैं उनमें कार्यक्रम को सफल आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हापुड़ को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद स्तर पर एक मेगा इवेंट का आयोजन करना सुनिश्चित करें जिसके लिए कार्यक्रम स्थल का समय से चयन कर लिया जाए। समस्त खंड विकास अधिकारी अपने अपने ब्लॉक पर भी मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस क्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए प्रत्येक कार्यक्रम में पुलिस टीम की तैनाती करना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए की मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु जिनको जो भी कार्य दिए गए हैं समय से ही उसकी कार्य योजना बनाते हुए कार्यक्रम को भली भांति निर्वाह करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिला अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान धन्वंतरि जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर एकल अभियान का आयोजन

स्याना (बुलंदशहर)। एकल अभियान के अंतर्गत पश्चिम उत्तर प्रदेश के गढ़ गंगा भाग, अंचल बुलंदशहर के संच स्याना के अंतर्गत ग्राम बड़ढ़ा वाजिदपुर स्थित विद्यालय में मंगलवार, 23 सितंबर 2025 को भगवान धन्वंतरि जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता केंद्रीय टोली के सदस्य श्री प्रमोद सिंह ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. रणपाल सिंह ने देशी जड़ी-बूटियों की पहचान एवं उनके उपयोग की जानकारी साझा की। वहीं संच समिति सदस्य डॉ. मनोज चौधरी ने रसोई में उपलब्ध औषधीय सामग्री के महत्व पर जानकारी दी। थाना प्रभारी श्री मुनेंद्र ने ग्रामीणों से आयुर्वेदिक चिकित्सा अपनाने का आग्रह करते हुए एकल अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा सुविधा को बेहतर किया जा रहा-सासंद पाल

### जनपद में 19 करोड़ की लागत वाली चार परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

सिद्धार्थनगर। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की ओर से स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान इंदिरा नगर लखनऊ से किया गया। इसका लाइव प्रसारण आंबेडकर सभागार में देखा गया। इस दौरान जनपद में 19 करोड़ की लागत वाली चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया ।सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में बड़े पैमाने पर चिकित्सा सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। जिला आकांक्षी जनपद और विकास खंड खेसरहा आकांक्षी ब्लॉक की श्रेणी में है। जनपद के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ता था जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुईं। मेडिकल कॉलेज बना, जिससे लोग जनपद में ही इलाज करा सकें। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि कोविड के दौरान उप्र जैसे अधिक आबादी वाले प्रदेश में लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा था, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से उस कठिन चुनौती का सामना करने में स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने काफी मेहनत की।

मेडिकल कॉलेज, सीएचसी, पीएचसी पर ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कराया गया। उसी के दृष्टिगत किसी भी बीमारियों से निपटने के लिए ड्रग वेयर हाउस और अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ाया जा रहा है।

कार्यक्रम में डुमरियागंज में जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, विकास खंड नौगढ़ में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्प लैब, विकास खंड खेसरहा में 50 शैय्या फील्ड हॉस्पिटल और विकास खंड बांसी बसंतपुर में 50 शैय्या फील्ड हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया व जहीर अहमद की उपस्थित रहें।

## सासंद ने चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

सिद्धार्थनगर। जनपद मे सेवा पर्व के अवसर पर सूचना और जन संपर्क विभाग की ओर से तहसील नौगढ़ परिसर में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का सांसद जगदंबिका पाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। सांसद ने निर्देश दिया जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूली बच्चों को लाकर प्रदर्शनी का अवलोकन कराएं। इस दौरान अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार व जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति एवं साइबर अपराध को लेकर पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को साइबर अपराध व मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।ढेबरुआ थाने के एसआई जय प्रकाश व कांस्टेबल मोहित कुमार पुण्डीर ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया ।उन्होंने छात्रों को फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी आईडी, साइबर बुलिंग से बचने के उपाय भी बताए। साथ ही विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के सवालों के भी जवाब दिए ।महिला आरक्षी श्रद्धा त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्रा को कोई शोहदा विद्यालय आते-जाते समय परेशान करता है तो चुप रहने के बजाए उसके खिलाफ शिकायत करें। स्कूल और घर में जानकारी दें, कोई हल न निकले तो पुलिस की मदद लें। अब तो जिले में किसी का हुलिया बताकर उसका स्केच बनवाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है ।ऐसे में शोहदे या अराजकतत्व की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने में आसानी होगी। प्रधानाचार्य रवि शुक्ल ने बताया कि सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबरों की व्यवस्था की गई है। शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाती है। बालिकाएं अपने पास हेल्पलाइन नंबर,नजदीकी पुलिस स्टेशन के सीयूजी नंबर लिखकर रखें ।इस दौरान आरक्षी हिमांशु सिंह, बृजेश कुमार व रमेश यादव,शिक्षक धन्नजय पाठक, आशाराम यादव,सीतू गुप्ता,शिवानी तिवारी,रंजना तिवारी, रेखा गुप्ता, जितेन्द्र शुक्ल,प्रदीप मौर्य,मलिक मोहम्मद अकरम, सुनील यादव आदि मौजूद रहे।

### श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के तत्वाधान में

# कवियों ने आपनी स्वर्णमयी काव्य फुआरों से युगल कवि का मनाया जन्म दिवस

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़। जनपद के पिलखुवा मैं श्री राम राष्ट्रीय साहित्य संस्था अयोध्या धाम के तत्वाधान में देश भर से वरिष्ठ रचनाकारों ने युगल कवि अशोक गोयल बीना गोयल का जन्म दिवस बहुत ही अनोखे व जोर शोर से मना जन्म दिवस की बधाई ही नहीं वरन रचनाकारों ने युगल कवि के साहित्य के प्रति समर्पण भावना को सभी सम्मुख रख अपने को श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था से जुड़ अपने को धन्य बताया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश से डॉ अनिल गौर विश्व संरक्षक विश्व संभ्रांत समाज रहे विशिष्ट अतिथि डॉ गोविंद गजब कवि राम बहाल सिंह बहाल व हापुड से अनिल अग्रवाल जी रहे ।कार्यक्रम का सुंदर संचालन पंडित मुल्क राज आकाश ,प्रीति भारती₹कवयित्री माधव भट्ट₹ने किया। सभी रचनाकारों ने कहा गोयल जी जैसेसमर्पित ,उदार,सहयोगी ,जुझारू, निस्वार्थी व सभी को आदर सम्मान देकर प्यार लुटाने वाले ऐसे निः स्वार्थी रचनाकार को किसी भी साहित्यिक संस्था में नहीं देखा ।साहित्य के प्रति अपने जीवन को तिल तिल होम करने वाले ऐसे व्यक्तित्व को हम श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। जिन रचनाकारों ने जन्म दिन विशेष पर रचना पढ़ी उनमें आ.अनिल अग्रवाल हापुड, नंदिका अग्रवाल,आंचल अग्रवाल हापुड, सुषमा भंडारी ,वैशाली रस्तोगी ,लव कुमार प्रणय आगरा,डॉ संजुला सिंह संजू ,मंजू दलाल, मंजरी अरविन्द कुमार ₹अनोखे ₹,प्रो मनीषा नाडगौडा, दयाराम दर्द मुंबई ,वीरेंद्र पाठक हाथरस, विनीता सिंह ,चंद्रकला शर्मा ,शशि कला पांडे ,पूनम चौधरी ,श्री मति कंचन योगेद्र अग्रवाल ,डॉ आशीष कुमारी कांता ,सुशीला भंडारी ,राम जी लाल वर्मा मुंबई,आभा गुप्ता नन्द किशोर बहुखंडी, ममता गुप्ता ,कवयित्री ऋतू पांडे त्रिधा प्रयागराज आदि उपस्थित रहे।

## गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकार स्तुति सिंह को राष्ट्रीय गौ सेवा संघ ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़। राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी बुधवार को पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर कार्यालय पहुंचे और क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह द्वारा जनपद में किए गए सराहनीय कार्य के लिए गौ माता की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को सम्मानित करते हुए गौ वंशों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया ।सम्मानित करने वालों में जिला महामंत्री प्रदीप रावत ,जिला प्रवक्ता संजय यादव व जिला मीडिया प्रभारी सचिन रावल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति की अच्छी जानकारी रखने पर महिला आरक्षी आशा रानी थाना हापुड़ देहात को किया पुरस्कृत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत जनपद हापुड़ के थाना हापुड़ देहात पहुंचे और मिशन शक्ति केन्द्रो एवं पुलिस चौकी भीम नगर पर बने महिला पिंक बूथ का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान*मिशन शक्ति की अच्छी जानकारी रखने पर महिला आरक्षी आशा रानी थाना हापुड़ देहात को किया पुरस्कृत*उसके उपरांत थाना हापुड़ नगर पहुंचे और मिशन शक्ति केंद्रव जदीद पर बने महिला पिंक बूथ का निरीक्षण किया।

इस दौरा पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।? डीआईजी द्वारा मिशन शक्ति केन्द्रो की समीक्षा के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण को मिशन शक्ति से सम्बन्धित एसओपी के अनुसार कार्य करे एवं सभी विभागो से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करे,मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी यदि काउन्सलिग के दौरान किसी प्रकरण मे एफआईआर की संस्तुति करे तो थाना प्रभारी तुरन्त एफआईआर दर्ज करें,निर्धारित प्रारुप मे रजिस्टर बनाये ,ब्रजघाट चौकी, घाट एवं मेला क्षेत्र मे भी पिंक बूथ बनवायें शासन व मुख्यालय के निदेशो का अक्षरशः पालन करे,मिशन शक्ति केन्द्रो पर महिला पुलिसकर्मियो की संख्या बढ़ाने जाए। महिला हैल्पलाईन व अन्य हेल्पलाईन नम्बरों का व्यापक प्रचार -प्रसार करे, पंचायत एवं वार्ड वार संयुक्त टीमे बनाकर कार्यक्रम आयोजित किये जाए।

प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्डो आदि मे जुडे विभागो के कर्मियो के साथ संयुक्त रुप से समन्वय स्थापित कर महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित शासन की सभी योजनाओं की जानकारी दी जाए।अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, विद्यालय आदि मे पम्पलेट, फोल्डर का वितरण कर महिलाओं मे अधिक से अधिक जन जागरुकता व प्रचार प्रसार किया जाए।

**डीआईजी मेरठ ने थाना हापुड़ देहात व नगर मे स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण**

## नाली व सड़क निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़। बोर्ड बैठक में नगर पालिका हापुड़ द्वारा करोड़ रुपये की लागत से शहर के कई मोहल्लों में सड़कों व नालियों का निर्माण कार्य का प्रस्ताव पास हुआ था। जिसको लेकर वार्ड नंबर 12 के मोहल्ला शिवगढ़ी में चामंड के आसपास जर्जर रास्ते से परेशान लोगों को राहत की सांस देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने 23 लाख 79 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का फीता काट कर शिलान्यास किया। जहां शिलान्यास से नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी का सभासद सहित मोहल्ले के लोगों ने फूलो का बुग्गा व माला पहनकर स्वागत किया। शिलान्यास के उपरांत सभासद द्वारा मिठाई बाटकर खुशी जताई गई। नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने बताया कि बोर्ड बैठक में प्रस्तावित अन्य वार्डो में नवनिर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलते ही मोहल्लों में नालियों व सड़कों का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। शिलान्यास के दौरान वार्ड नंबर 12 से सभासद, संजय सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश,नितिन कुमार, सूरज व जोगिंदर दास आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में मीना के जन्मदिन पर कार्यकारणी को मिली सिलाई मशीन



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। क्यारा विकास क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मानपुर चिकटिया में मीना का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर ग्राम प्रधान निर्मला देवी तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका रेखा गुप्ता द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर रेखा गुप्ता द्वारा मीना मंच की पूरी कार्यकारणी को उपहार के रूप सिलाई मशीन दी गई जिसे पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर मीना मंच की पूरी टीम को उपहार तथा मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक ओमेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, अशोक गुर्जर, देवेश तिवारी, मीनाक्षी, अनुराधा ठाकुर, कल्पना, रूबी खानम, शैलेंद्री सिंह, नीरज शर्मा, जयमाला कश्यप आदि शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

## हर बच्चे को पढ़ने, लिखने और गणना में दक्ष बनाना ही एफएलएन प्रशिक्षण का मूल मंत्र है : पुष्पा अरुण

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली। नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवे और छठे बैच का ब्लॉक संसाधन केंद्र काँधरपुर पर बुधवार को पांचवा व अंतिम दिवस रहा ।बीआरसी सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में 100 शिक्षक-शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षक/शुगमकर्ता डॉक्टर डी पी एस यादव ने कहा कि एफएलएन से बच्चों में सोचने, समझने और संवाद करने की क्षमता विकसित होती है।

डॉ यादव ने आगे कहा कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने के लिए खेल और गतिविधियों पर आधारित शिक्षण सबसे कारगर तरीका होता है। सुगमकर्ता मृदुला गंगवार व बृजेश सोलंकी ने कहा कि प्रशिक्षण में भाषा शिक्षण के अंतर्गत वर्ण पहचान, पठन कौशल, लिखित कौशल, स्वयं सीखने की क्षमता, गली मित्र, विषय मित्र और पीयर लर्निंग जैसे पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रशिक्षण में एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों जैसे वीणा (भाषा), गणित मेला, और संतूर (अंग्रेजी) की विषयवस्तु को सरल और सहज तरीके से समझाने में भी मदद मिल रही है। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका पुष्पा अरुण द्वारा एफएलएन प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा गया कि हर बच्चे को पढ़ने, लिखने और गणना में दक्ष बनाना ही इस प्रशिक्षण का मूल मंत्र है।

इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के रूप में विशेष रूप से सुधांशु कुमार, महावीर प्रसाद, गीता देवी, रागिनी गंगवार, रिजवाना, शालिनी शर्मा, अन्जू कटियार, गार्गी उपाध्याय, कोमल गुप्ता आदि ने सक्रिय रूप से विभिन्न चचाओं में हिस्सा लिया।

## प्रदेश स्तरीय पर कबड्डी चयन प्रतियोगिता में बाजी मारी जिले की छात्राओं ने उत्साह दिखाया



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़। जनपद के विद्यालयों ने राज्य स्तरीय कबड्डी ट्रायल प्रतियोगिता अयोध्या में आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की कबड्डी टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें लगभग 130 प्रतिभागी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद हापुड़ की ओर से के जी बी वि नगर क्षेत्र हापुड़ की टीम ने प्रतिभाग कर उत्तम प्रदर्शन किया। सात छात्रों में से तीन छात्राएँ प्रदेश स्तरीय टीम हेतु चयनित हुई चयनित छात्राएँ राधा, संध्या व प्रार्थना कक्षा आठ की छात्राएँ हैं। ये बालिकाएं 05 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2025 को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अयोध्या में प्रतिभाग करेंगी। इस शुभ अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने टीम में चयनित छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता, डी सी बालिका शिक्षा पूजा सैनी, जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा, आशा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रीता भाटी, मिनाक्षी मलिक, ललित चौधरी, के जी बी वि कुचेसर चोपला की वार्डन अर्चना त्यागी, शिक्षिका लीना शर्मा, अंजू शर्मा, अंजली त्यागी, तरुणुम, रोहिणी, सरोज, दीपमाला व अन्य स्टाफ ने सभी ने छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी गांधी जयंती

वेलकम इंडिया



**जिलाधिकारी ने सभी विभागों को दिए आवश्यक निर्देश**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** आगामी दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के वरिष्ठ नागरिकों ने भी प्रतिभाग कर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। समारोह को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा इस बैठक में तय की गई ।बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस बार भी पुलिस थाना परिसर एवं नुमाईशखेत मैदान स्थित गांधी जी की मूर्तियों की सफाई व रंग-रोगन का कार्य नगरपालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा।

प्रभात फेरी प्रातःछः बजे चौक बाजार से प्रारम्भ होकर बस स्टेशन से होते हुए थाने के समीप गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी। तत्पश्चात यह दुग बाजार से होकर नुमाईशखेत पहुंचेगी, जहां प्रातः 6:30 बजे गांधी जी की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण किया जाएगा ।प्रातः 8 बजे सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके उपरांत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण व माल्यार्पण तथा भजन-गायन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांधी जी के जीवन, कार्यों एवं विचारों पर संक्षिप्त परिचर्चा भी होगी ।विद्यालयों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। समाज कल्याण विभाग को वृद्धावस्था आश्रम और आश्रम पद्धति विद्यालय में फल वितरण के निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में नगरपालिका एवं नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत व खंड विकास अधिकारी द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। खेल विभाग द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन होगा, जिसके नोडल अधिकारी जिला क्रीड़ा एवं युवा कल्याण अधिकारी होंगे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों के किनारे एवं कलमठों की सफाई अभियान संचालित करेंगे।

## मेरठ की सड़कों पर उमड़ी रामलला की भव्य बरात

**मेरठ।** श्री सनातन धर्म रक्षिणी सभा पंजीकृत मेरठ शहर के तत्वाधान में श्री रामलीला कमेटी पंजीकृत मेरठ शहर द्वारा बुढ़ाना गेट स्थित सनातन धर्म मंदिर से प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात निकाली गई। श्री राम बरात के मुख्य उद्घाटन कर्ता सचिन अग्रवाल, मुख्य तिलक कर्ता पी०एन० सिंघल, मुख्य पूजनकर्त्ता दीपक महाजन, रमित गोयल, नवीन अरोड़ा, संजीव अग्रवाल रहे ।भगवान श्री रामचंद्र जी की बारात के संयोजक सिद्धार्थ गुप्ता (सिटी हलचल), गगन शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, विपिन जिंदल रहे। 23सितंबर का दिन मेरठवासियों के लिए ऐतिहासिक बन गया। मानो स्वर्ग से देवता उतर आए हों और अयोध्या की पावन नगरी का वैभव मेरठ की गलियों में जीवंत हो उठा हो। श्री सनातन धर्म मंदिर, बुढ़ाना गेट से जब श्रीरामचंद्र जी की भव्य बरात निकली तो ऐसा लगा जैसे पूरा नगर प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हो गया।

# जिला परामर्शदात्री समितिकी जिलाधिकारी ने ली बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति/जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। विकास भवन सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद का ऋण जमा अनुपात बढ़ाया जाए। और सभी बैंकर्स प्राथमिकता के आधार पर सकारात्मक सोच के साथ ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकर्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए संभावनाओं के अनुरूप स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराकर ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बैंकर्स को हिदायत देते हुए कहा कि सभी बैंकर्स ऋण मुहैया कराने में आरबीआई की गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ऋण हेतु जो भी आवेदन आते है, उनको नियमानुसार पास करें, यदि निरस्त होता है तो निरस्तीकरण के कारणों का हवाला देते हुए संबंधित को तुरंत अवगत करा दे, ताकि लोग बेवजह परेशान न हों।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को समयान्तर्गत पूरा किया जाय। स्वरोजगार से संबंधित आवेदनों को लंबित न रखा जाय।

अधिकारी फील्ड में जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे। उन्होंने बैंकर्स के साथ ही रेखीय विभागों को विभागीय स्तर पर नियमित साप्ताहिक व पाक्षिक रूप में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रेखीय विभागों को बैंकर्स के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

# लालपुर विद्युत उपकेंद्र पर लगा मेगा कैंप, कई समस्याओं को हुआ समाधान



**मिजार्मुराद।** लालपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार को ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार एवं आर.ई.सी के सौजन्य से विद्युत विभाग में सेवा पर्व के तरह बिजली विभाग के तरफ से मेगा कैंप लगाया गया ।मेगा कैंप में 71 उपभोक्ता की शिकायत अधिकारियों के समझ पड़ा ।जिसमें नये विद्युत संयोजन के अंतर्गत 2 संयोजन, बिल संसोधन के 32 प्रकरण, खराब मीटर के 4 प्रकरण एवं विधा परिवर्तन के 6 प्रकरण को मौके पर ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया अन्य समस्याओं को जल्द निस्तारित करने हेतु सम्बंधित लोगों को कहां गया कैंप देर शाम तक चला ।कैंप में सेवापुरी विधायक की पुत्री अदिति पटेल, एक्सईएन मनीष झा, अधीक्षण अभियंता राम अवतार, उपखंड अधिकारी राजेश यादव, मुकेश यादव, वीरेंद्र यादव, राहुल यादव, जे.ई अखिलेश यादव, सुबोध सिंह, विनम्र पटेल, लालपुर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव, खरगरामपुर प्रधान प्रतिनिधि बनारसी चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधि व बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर वक़्फ भूमि विवाद: हाईकोर्ट से मुतवल्ली शाहिद खां को बड़ी राहत

वेलकम इंडिया

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** कस्बा शाहजहांपुर की चर्चित वक़्फ भूमि विवाद में बड़ा फैसला सामने आया है। लंबे अरसे से मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान और मंसूर खान के बीच जारी जमीन का विवाद अब इलाहाबाद हाई कोर्ट की दहलीज पर पहुंच गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, उत्तर प्रदेश सर्किट कोर्ट- मेरठ मंडल के दिनांक 14 अगस्त 2025 को मंसूर खान के पक्ष में दिए गए आदेश के संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने साफ कहा है कि इस आदेश के अनुपालन में आगे कोई कार्रवाई न की जाए।

विवादित संपत्ति पर मंसूर खान पुत्र माजिद खान का दावा है कि अब्दुल वहीद खान उनके दादा के भाई थे, और चूँकि उनकी कोई संतान नहीं थी, इसलिए इस प्रॉपर्टी पर उनका मालिकाना हक बनता है।

## हाई कोर्ट में 26 नवम्बर को अगली सुनवाई

अदालत ने मंसूर खान को छह हफ़्ते के अंदर प्रति-शपथपत्र दाखिल करने और याचिकाकर्ता शाहिद इस्लाम खान को उसके दो हफ़्ते बाद जवाब देने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर 2025 को होगी। फिलहाल, हाईकोर्ट के स्टे आदेश से मुतवल्ली शाहिद इस्लाम को बड़ी राहत हासिल हुई है और वक़्फ संपत्ति विवाद पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

दूसरी ओर, मौजूदा मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान का कहना है कि अब्दुल वहीद खान ने 1946 में अपनी तमाम संपत्ति को वक़्फ अलल औलाद (80अ मेरठ) के रूप में पंजीकृत कराया था। वक़्फनामे के मुताबिक, पहले वहीद खान, फिर उनकी पत्नी मकबूल बीवी, उसके बाद खालिद इस्लाम खान और फिर उनके बड़े बेटे मुतवल्ली बनने थे। इसी क्रम में वर्तमान मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान हैं, जिनके आवेदन पर 2009 में सुन्नी वक़्फ बोर्ड ने बाकायदा मान्यता दी थी।

लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद विधिक राय लेने उपरांत इस विवाद में तहसीलदार और बाद में एसडीएम मवाना ने भी शाहिद इस्लाम के हक में फैसला सुनाया था। मगर मंसूर खान ने इन आदेशों के खिलाफ बोर्ड ऑफ रेवेन्यू में अपील दायर की, जहाँ से उन्हें राहत मिली। इसी आदेश को शाहिद इस्लाम ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद जैन ने शाहिद इस्लाम की ओर से दलील दी कि तहसीलदार और उप जिलाधिकारी ने अपने अधिकार क्षेत्र में रहते हुए आदेश पारित किया था और सारी कार्यवाही कानून के मुताबिक हुई थी। वहीं प्रतिवादी पक्ष का कहना था कि मंसूर खान को पर्याप्त सुनवाई का अवसर नहीं मिला।

# खनिज फाउंडेशन न्याससमिति की डीएम ने ली बैठक



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिला खनिज फाउंडेशन न्यास, बागेश्वर की प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में खनिज न्यास निधि अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्राथमिकता तय कर प्रस्तावों को विचार किया गया।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि न्यास में उपलब्ध निधियों का उपयोग प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा।

इसके अंतर्गत कम से कम 70 प्रतिशत धनराशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों—पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों का कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता, आवास, कृषि और पशुपालन—पर व्यय की जाएगी। वहीं, शेष 30 प्रतिशत निधि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जलविज्ञान विकास, तथा खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय गुणवत्ता सुधार से संबंधित उपायों में खर्च की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निधियों का वास्तविक उपयोग व्यापक जनहित में सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से छात्र-छात्राओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा खनन से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों को इसका लाभ मिले। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किया जाए।

# आजम खान की रिहाई पर सपा नेता मुमताज आलम ने, कहा- सच की हुई जीत



**मेरठ (जाकिर तुर्क)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की रिहाई को लेकर सपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। सपा यूथ के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम ने कहा कि सरकार ने आजम खान को झूठे मुकदमों में फंसाया था। करीब 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहाई लोकतंत्र और न्याय की जीत है ।मुमताज आलम ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि राजनीतिक कारणों से आजम खान पर सैकड़ों फर्जी मुकदमे लगाए गए, लेकिन अंततः सच सामने आया। उन्होंने यह भी साफ किया कि आजम खान के बसपा या किसी अन्य दल में जाने की खबरें अफवाह हैं ।उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के करीबी साथियों में से एक हैं। पार्टी अपने वरिष्ठ नेता के साथ मजबूती से खड़ी है। भाजपा पर निशाना साधते हुए मुमताज आलम ने कहा कि समाजवादी पार्टी की एकजुटता ही 2027 में विरोधियों को करारा जवाब देगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री का कपकोट में हुआ स्वागत



वेलकम इंडिया

**कपकोट।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र और गोवा के राज्यपाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता भगत सिंह कोश्यारी के कपकोट पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया ।स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के कपकोट पहुंचने पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया ।वही कपकोट इकाई सहित नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने भी पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया ।स्थानीय होटल में हुए स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, ब्लॉक प्रमुख कपकोट भावना शाही,पूर्व जिपं सदस्य पूरन सिंह गड़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता दयाल ऐठानी, सहित जिले से पहुंचे पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल,बागेश्वर विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास सहित अन्य भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से स्वागत किया ।वही कार्यकताओं से शिष्टाचार भेंट करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने सभी भाजपा नेताओं की कुशलक्षेम पूछी ।और कपकोट विधायक के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक विकास की जानकारी लेते हुए सँगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यकताओं ने स्थानीय विधायक के माध्यम से भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विशेष अनुरोध करने की अपील की। वही भाजपा कार्यकर्ता दयाल ऐठानी ने विशेष अनुरोध कर दर्जा मंत्री बनाए जाने की अपील की ।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता सुरेश कांडपाल, आनन्द मेहता, मथुरा प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोहर राम, जिला महामंन्त्री संजय परिहार,मनोज बचखेती,सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

# समाजसेवी डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में राम बारात का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** श्री बाल युवक रामलीला नाट्य समिति बड़ा बाजार झाँसी द्वारा श्री राम बारात का आयोजन किया गया जिसमें में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न दूल्हा के रूप में तथा राजा महाराजा एवं भगवान शंकर, महाराज दशरथ, गुरु वशिष्ठ आदि बारात में शामिल रहे। बारात के मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप सारावगी रहे, अध्यक्षता प्रदीप जैन आदित्य ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल बरसैंया के साथ समिति के मुख्य संयोजक भरत राय, अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, प्रबंधक संजय दोसाज, आय व्यय निरीक्षक राजेंद्र हयारण व कोषाध्यक्ष मनोज सेन लाली एवं अन्य व्यापारी बंधु आदि बारात में उपस्थित रहे। बारात का संचालन राजेंद्र हयारण एवं संजय दोसाज ने किया। हरी प्रकाश शर्मा निर्देशक ने अंखियों से भगवान का तिलक पूजन करवा कर बारात को रवाना किया तथा पूजा अर्चन सोनी जी ने किया। बारात बड़ा बाजार, गांधी रोड, गंज रानी महल होते हुए सिंधी चौराहा, मानिक चौक, सरार्फा बाजार बिसाती बाजार से गंतव्य स्थल पहुंची। बारात का जगह जगह के साथ स्वागत हुआ। कार्यक्रम का संचालन अरुण द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनगाथा हमें सत्य, सेवा, त्याग और मयार्दा का संदेश देती है। भगवान श्रीराम का आदर्श हमें सिखाता है कि न्याय, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलना ही सच्ची सफलता है। आज झाँसी में हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर इस आयोजन का हिस्सा बने, यह हमारे समाज की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मैं आयोजकों और समाजसेवियों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए नमन करता हूँ, जिन्होंने इसे संभव बनाया।

# अखंड रामायण पाठ हवन पूजन



## विशाल भंडारा का आयोजन हुआ

**झांसी।** रामसभा का आयोजन हर मंगलवार को 3 साल से बराबर चल रहा था जिसका आज अखंड रामायण पाठ हवन पूजन विशाल भंडारा का आयोजन कर संपन हुआ हवन पूजन 11 जोड़ों में बैठकर संपन्न किया सिद्ध बाबा मंदिर सिमराबारी में संपन्न हुआ जिसमें टीकाराम राजपूत नवल राजपूत भागचंद राजपूत भान सिंह राजपूत दयाराम विश्वकर्मा भागीरथ विश्वकर्मा महेश साहू नरेश साहू बंटी झा सोनू झा देवप्रसाद राजपूत राजू विश्वकर्मा सुशील प्रजापति बाबू झा अरविंद प्रजापति राकेश झा शैलेंद्र झा विनोद राजपूत और भी कई लोगों का सहयोग रहा और कार्यक्रम बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# पूर्व सांसद सेनानी मृतको के परिजनों मुलाकात कर जताई संवेदना




विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर , बीते एक सप्ताह पूर्व मानिकपुर बाजार में कार की टक्कर से सड़क किनारे खड़े लोगों की मौत हो गयी थी। बुधवार को कौशाम्बी के पूर्व सांसद विनोद सोनकर व भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने लखनऊ से मानिकपुर पहुंच कर शिल्पा सोनकर के परिजनों से मुलाकत कर शोक संवेदना व्यक्त की। नेता द्वय ने झन्ने सरोज के परिजनों से मिलकर कहा कि सरकार द्वारा हर सम्भव मदद दिलाएगे।

पूर्व सांसद ने इसी क्रम मे उपजिलाधिकारी कुंडा वाचस्पति सिंह, क्षेत्राधिकारी कुंडा एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर से वार्ता की। इस दौरान लोगों ने बताया कि चक्का जाम का मुकदमा लिखा गया है। इस पर विनोद सोनकर ने अधिकारियों से मुकदमे में निदोर्षों को परेशान न करने का निर्देश दिया।

# मोहद्दीनपुर शुगर मिल मेंटेनेंस के ठेके को लेकर ठेकेदार और जीएम आमने-सामने

वेलकम इंडिया उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** हर वर्ष मोहद्दीनपुर शुगर मिल किसी न किसी बात को लेकर चचाओं में रहता है 2025 गन्ना पेराई सत्र आने वाला है शुगर मिल के मेंटेनेंस और देखरेख का ठेका डेढ़ साल पहले टेंडर के द्वारा कैसटैक कंपनी को दिया गया था कंपनी ने पिछले वर्ष भी शुगर मिल का मेंटेनेंस किया और मिल को चलाया 2025 का भी लगभग 70% मेंटेनेंस का काम कंपनी कर चुकी है पर जैसे ही मोहद्दीनपुर शुगर मिल के जीएम बदलते हैं तो नए जीएम राजेश वर्मा का कैशटैक कंपनी के अधिकारियों से तालमेल नहीं बनता और वह एग्रीमेंट के नियम को तोड़कर अपने जानकार कि किसी कंपनी के मजदूर और सुपरविजन करने वाले कर्मचारियों को ले आते हैं साथ ही साथ पहले से काम कर रहे मजदूरों का पैसा भी जारी नहीं करते जिस कारण कैशटैक कंपनी के सभी कर्मचारी बुधवार दोपहर जीएम साहब का घेराव कर लेते हैं और चेतावनी देते हुए बता देते हैं कि या तो समय से उनकी तनख्वाह दी जाए और अवैध रूप से सुपरविजन और काम कर रही दूसरी कंपनी के कर्मचारी को हटाया जाए वरना वह शुगर मिल का काम बंद कर देंगे कंपनी के कर्मचारियों ने भी बताया कि बिना किसी नोटिस और कानूनी प्रक्रिया के जीएम दूसरी कंपनी को शुगर मिल में काम करने के लिए बुला रहे हैं जिससे शुगर मिल का कार्य बाधित हो रहा है और गन्ना पेराई सत्र भी समय से नहीं चल पाएगा

**■ सैलरी ना मिलने पर मेंटेनेंस में लगे सैकड़ो कर्मचारी ने जीएम को घेरा और काम बंद करने की दी चेतावनी**

सूत्रों की माने तो जीएम साहब के दूसरी जगह से ब्लैक लिस्ट कंपनी इन्वेंटिव के अधिकारियों से अच्छे संबंध हैं जिसे वह शुगर मिल में काम करने के लिए लाना चाहते हैं

# नवयुवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

वेलकम इंडिया





**मेंहदावल/संत कबीर नगर** दुधारा थानाक्षेत्र के छितरापार गांव में आज एक नवयुवक ने अपने घर में फांसी के फंदे से लटककर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।घटना की सूचना मिलते ही दुधारा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई।समाचार लिखे जाने तक लाश फंदे से लटक रही थी और पुलिस फोरेंसिक टीम का इंतजार कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार छितरापार गांव निवासी नौशाद रहमानी पुत्र मोहम्मद यूनुस(22 साल)की शादी इसी वर्ष 19 जून को कानपुर की रहने वाली गौसिया से हुई थी।आज दोपहर में उसकी सास उसके पत्नी को लिवाकर उसके मायके चली गई।बताया जा रहा है कि जाते-जाते पत्नी ने कहा था कि जब तक वह अपने आदत में सुधार नहीं लाएगा वह वापस घर नहीं आएगी।इसी बात से आहत होकर वह अपने घर के अंदर चला गया और गले मे दुपट्टा बांधकर फंदे से झूल गया।मौके पर पहुंची दुधारा पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।मृतक युवक का पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में है।घटना के समय उसकी माता भिटवा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गई हुई थी।मृतक तीन भाई हैं।सबसे बडा भाई शमशाद( 26 वर्ष) तथा छोटा भाई इरशाद ( 16 वर्ष) का है।दो बहन है जिनकी अभी शादी नहीं हुई है।

## जमीनी रंजिश में मारपीट तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में जमीनी रंजिश को लेकर चल रहे विवाद में फैसला करने का दबाव बनाते हुए तीन लोगों ने एक व्यक्ति पड़ोसी युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गंगेरू निवासी एहसान ने बताया कि उनके परिवार के ही ताहिर पुत्र असगर से जमीनी विवाद चल रहा है जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि विगत मंगलवार को आरोपी ताहिर, नौशाद एवं नफीस ने पीड़ित को पकड़ लिया और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की पीड़ित का आरोप है आरोपी नौशाद ने धमकी देते हुए कहा कि जमीनी विवाद में फैसला कर ले नहीं तो गोली मार देंगे। पीड़ित का आरोप है कि जब पड़ोसी युवक फारूक छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर ताहिर, नौशाद व नफीस के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# राज्य स्तरीय सब-जूनियर विजेता फुटबॉल टीम का झाँसी आगमन पर भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**झांसी।** खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ की संयुक्त समन्वय में पीलीभीत में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर फुटबॉल टूनामेंट की विजेता झाँसी मंडल की टीम का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ,डॉ रोहित पाण्डेय , इम्तियाज हुसैन ,झाँसी फुटबॉल फेडरेशन के संरक्षक डॉक्टर तनवीर अहमद सचिव वहीद खान अध्यक्ष जस्टिन सिंह ,संगठन मंत्री अतीक अंसारी , कोषाध्यक्ष शेख रफीकुद्दीन,खेल विश्लेषक बृजेन्द्र यादव , खेल प्रेमी और खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्टेशन पर स्वागत के बाद बच्चों को बैंड बाजों के साथ ध्यानचंद स्टेडियम ले जाया गया जहाँ बच्चों को उप क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार,क्रिकेट प्रशिक्षक नीतेश राज,हॉकी प्रशिक्षिका सुषमा और ध्यानचंद स्टेडियम पूरी टीम ने बच्चों की हौसला अफजाई कर बेस्ट स्कोरर हर्षित जिन्होंने नौ गोल किए , डिफेंडर अमन वर्मा,गोलकीपर कार्तिक तोमार और टीम कोच देवेन्द्र सिंह, टीम मैनेजर देव वर्मा को सम्मानित किया । स्टेडियम में खिलाड़ी बच्चों के पेरेंट्स को भी सम्मानित किया गया।झाँसी फुटबॉल फेडरेशन से अशोक कनौजिया, मोहम्मद आरिफ, विकास भारती, विनोद कप्तान, रहीस खान , मातादीन यादव , प्रकाश त्रिपाठी, सौरव अहिरवार, मोहम्मद साबिर , नितिन राज, अब्दुल कैफ, अमृतांश, पवित्र पाण्डेय ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी ।

## एस.आर.एस. कम्युनिकेशन का हुआ भव्य उद्घाटन



**वाराणसी मिजार्मुराद।** बाबा विश्वनाथ एवं मां अन्नपूर्णा की कृपा से नवस्थापित एस.आर.एस. कम्युनिकेशन का भव्य उद्घाटन बुधवार को भोजूबीर वाराणसी में आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा काशी प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी की जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं बरिष्ठ भाजपा नेता नागेन्द्र रघुबंशी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में काशी के उद्योगपति, चिकित्सक, समाजसेवी, विधायक, मंत्री के अलावा पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी एवं गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति शामिल रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने एस.आर.एस. कम्युनिकेशन के सफल संचालन की कामना करते हुए कहा कि यह संस्थान संचार और व्यवसायिक क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा।इस समारोह में आये सभी अतिथियों का शैलेश पाण्डेय (प्रबंध निदेशक एस.आर.एस. ग्रुप) ने अंगवस्त्रम एवं माता रानी का प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा द्वारा किया गया।

# पुलिस की छवि निरंतर बिगाड़ रहे ओपी यादव जैसे सिपाही

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** रहीमाबाद थाने में कई वर्षों से जमे रसूखदार सिपाही ओपी यादव इसे रसूख कहा जाए या जुगाड़ या कुछ और।ऐसे सिपाहियों को अधिकारी हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।ओपी यादव कई वर्षों से तैनात हैं।थाने पर डेरा जमाए हुए हैं।

आपको बता दें कि,रहीमाबाद थाने में तैनात आरक्षी ओपी यादव सालों से तैनात हैं।सूत्रों की मानें तो कई बार शिकायतों के बाद भी एक ही जगह तैनात हैं। जहां पूरा सिस्टम इनके मन माफिक चलता है।सालों से जमे पुलिसकर्मी अपने हिसाब से नेटवर्क का उपयोग करते हैं और नए पुलिसकर्मियों को टिकने नहीं देते। नतीजतन- थाने के अंदर की आपसी खींचतान में अपराध बढ़ता है।

यूं तो पुलिस महकमे में सिपाही का पद सबसे छोटा है, लेकिन रहीमाबाद थाने में तैनात सिपाही ओपी यादव का कद अपने पद से बहुत बड़ा है। इसके चलते शासन और अधिकारियों के आदेश उन पर बेअसर हैं।थाने पर कई साल से सिपाही ओपी यादव जमे हुए हैं।

लंबे समय से एक ही थाने में जमे ओपी यादव जमे हुए हैं।लेकिन रहीमाबाद थाने के आरक्षी ओपी यादव तबादला नीति कारगर नहीं है। एक ही थाने में जमे उन्हें कई वर्ष हो चुके हैं।

हालांकि पुलिस विभाग पर लोगों की सुरक्षा का जिम्मा होने के नाते पुलिस अधिकारियों से अनुशासित होने की अपेक्षा की जाती है, परन्तु आज चंद पुलिस कर्मी वर्दी की गर्मी में विभाग की बदनामी का कारण बन रहे हैं। रहीमाबाद थाने में तैनात सिपाही ओपी यादव के मनमानी करने से दिनों दिन पुलिस विभाग की छवि बिगड़ती जा रही है। पुलिस को जनता का रक्षक और सेवक समझा जाता है, लेकिन कुछ ओपी यादव जैसे पुलिस कर्मियों के कारण विभाग की छवि धूमिल होती है। जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान करने की बजाय उनके साथ बदसलूकी करने की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती है, जो बेहद दुखद है।

## पुलिस के विशेष अभियान में फंसे दो मादक पदार्थ तस्कर

**कांधला।** पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार किए हैं, पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 650 ग्राम चरस बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। डीआइजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने पुलिस को नशे के अंधकार से उजाले की ओर ऑपरेशन सवेरा अभियान चलाकर नशा तस्करों को पकड़ने के निर्देश दे रखे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव गढ़ी दौलत मार्ग पर दो मादक पदार्थ तस्कर ? चलते फिरते लोगों को मादक पदार्थ बेच रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर उपनिरक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी करते हुए दो युवक पकड़ लिए।

# स्वच्छता जागरूकता हेतु लघु काव्य प्रतियोगिता आयोजित



वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छ उत्सव थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत लघु काव्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, छात्राओं ने अपनी कविताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। निर्णायक मंडल डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. संजय कुमार ने परिणाम घोषित किए,प्रथम स्थान मुस्कन पुत्री रविन्द्र सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिंसी सैनी पुत्री प्रमोद कुमार बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान सादिया पुत्री अतहर बेग बी.कॉम तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इसी अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. सीमा सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों व सहयोग की भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू द्वारा किया गया, जिसमे स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर स्वच्छता व सेवा का संदेश दिया।

## महिला समन्वय बैठक, विजयदशमी पर्व की तैयारियों पर हुई चर्चा



**कांधला।** सूरजकुंड मंदिर प्रांगण में महिला समन्वय की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य महिलाओं को आपस में जुड़कर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाना रहा। इस दौरान विजयदशमी पर्व पर होने वाले पद संचलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। गणवेश तैयार कराने पर जोर दिया गया ताकि संघ का कार्य घर-घर तक पहुँच सके। बैठक में कांधला खंड के जिन स्थानों पर पद संचलन आयोजित होगा, वहां सहयोग दिया जाएगा। इसके साथ ही भाइयों की कई शाखाएं संचालित होने के चलते बहनों की शाखा चलाने पर भी विचार हुआ। वहीं, नए सिलाई केंद्र और संस्कार केंद्र खोलने की रूपरेखा भी बनाई गई।महिला कार्यकताओं ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव और महिलाओं से होकर गुजरता है। आज के समय में महिलाओं के सहयोग के बिना किसी भी कार्य को सुचारू रूप से नहीं चलाया जा सकता। इसलिए समाज सेवा में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।

## एकादशी के लक्खी मेले के सम्बन्ध में शांति बैठक का आयोजन

**जहांगीराबाद।** नगर के लाल कुआँ स्थित कस्बा पुलिस चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में रामलीला व नगर में आयोजित होने वाले सप्तमी, अष्टमी, दशहरा व एकादशी के लक्खी मेलों की कमेटी मौजूद रही। एसपी देहात ने आयोजित शांति बैठक में आये नगर के गणमान्य लोगों से उनका परिचय लेने के पश्चात रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवीन बंसल से रामलीला व मेलों की और उनके दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वहीं एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह ने रामलीला कमेटी और मेला कमेटी के लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए मेले में प्रत्येक झांकियों व डीजे पर कम से कम दो दो वॉलेंटियर उपलब्ध कराने के लिए कहा।

## सीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में लगभग 400 महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण




वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत पहासू सीएचसी पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में लगभग 400 महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा दी गई। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया ने फीता काट कर किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि स्वस्थ महिला ही राष्ट्र के सशक्तिकरण की आधारशिला होती है। स्वास्थ्य मेले में टीबी से पीड़ित 10 महिलाओं को किट दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि खून की कमी से ग्रसित 175 महिलाओं को पोषण किट दी गई।इसी मौके पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत नारी शक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने उनके इलाज की अस्पताल में निशुल्क व्यवस्था है।

# नेवले के काटने से सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** नगर निगम की सफाई कर्मचारी गीता की दर्दनाक मौत ने सभी को शोक में डूबो दिया है। गीता को बीते दिन शीतल धर्मशाला के पास सफाई कार्य के दौरान एक नेवले ने काट लिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। नगर निगम ने मृतका के परिवार को रू1,00,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है और उनके परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की है।

नगर निगम की कार्रवाईः

**आर्थिक सहायताः** नगर निगम ने मृतका के परिवार को रू1,00,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है।

**संवेदनाः** नगर निगम ने मृतका के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और उनके साथ खड़ा होने का आश्वासन दिया है।

ईपीएफ/ईएसआईसी संबंधित कार्यवाहीः नगर निगम ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया है कि कर्मचारी की ईपीएफ/ईएसआईसी संबंधित कार्यवाही तत्काल करते हुए आर्थिक सहायताएं प्रदान की जाएं।

**नगर निगम की संवेदनशीलताः**

कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलताः लखनऊ नगर निगम अपने कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील है और उनके परिवारों के साथ हमेशा खड़ा रहता है।

समर्थनः नगर निगम ने मृतका के परिवार के प्रति अपनी संवेदना और समर्थन व्यक्त किया है।

## मीना मंच कार्यक्रम विद्यालय में धूमधाम से मनाया



**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू के कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सचिन कुमार ने केक काटकर एवं टॉफियां वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मंच की सुगमकर्ता नीलम राणा ने संचालन करते हुए मीना के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। मीना, बेटियों की शिक्षा और समानता का प्रतीक मानी जाती है। उनकी जीवन कथा से प्रेरणा लेकर बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के महत्व को समझाया जाता है। मीना की सोच समाज में बालिकाओं को बराबरी का हक दिलाने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों से दूर रहने की सीख देती है।इस मौके पर नरेंद्र कुमार, मोहम्मद ताहिर, संजीत कुमार, नीलम तोमर, मिंटो, शशि, अंतू, ममता, निशा मलिक, प्रिया जैन, रेनू, जसवीर सिंह सहित स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के आरोपी पति व जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में लगभग 12 दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक महिला के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पति सहित जेठ को गिरफ्तार करते हुए चुन्नी बरामदकर जेल भेज दिया है। कस्बा झिंझाना निवासी मोहसिन ने बताया था कि उसने अपनी बहन की शादी 16 नवंबर 2017 को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ की थी।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पति सहित जेठ व जेठानी अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए परेशान करते थे। पीड़ित का आरोप है कि उसके बहनोई जावेद के अपनी भाभी लड्डो के साथ अवैध संबंध हो गए थे उसकी बहन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। विरोध करने पर आरोपी पति जेठ उमैद, जेठानी लड्डो ने मिलकर फांसी लगाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था और पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया था।

बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति जेठ उमैद को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चुन्नी बरामदकर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार महिला की तलाश में जुटी हुई है।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट , दोनों पक्षों के तीन लोग घायल

वेलकम इंडिया/मोहसीन रहमानी



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई दोनों पक्षों में जमकर लाठी -डंडे व धारदार हथियार चले दोनों पक्षों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी सुखबीर और महिपाल के बीच काफी दिनों से रंजिश चली आ रही है। दोनों पक्षों के लोग कई बार एक दूसरे के आमने-सामने आ चुके हैं जिसका सामाजिक लोगों के द्वारा कई बार फैसला भी कराया जा चुका है। आरोप है कि बुधवार को मैनपाल अपने भतीजे आसू पुत्र सुखबीर के साथ अपने पशु लेकर तालाब की ओर जा रहा था आरोप है कि तभी महिपाल पक्ष के लोगों ने पकडकर उनके साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट करनी शुरू कर दी। झगड़े की सूचना मिलने पर दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक पक्ष से आशु, मैनपाल व दूसरे पक्ष महिपाल पुत्र अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दूसरी और गांव खंद्रावली निवासी धीर सिंह ने अपने पड़ोस के कई लोगों पर शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## महिला राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने जनपद भ्रमण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**बुलंदशहर।** अध्यक्षा राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता चौहान ने जनपद भ्रमण के दौरान पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सभागार में महिला एवं बाल विकास विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं व बच्चों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

**नाम परिवर्तन**

मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार शर्मा है। मेरे पुत्र ईशांक शर्मा के स्कूल रिकॉर्ड मे पिता के नाम स्थान पर सुनील शर्मा हो गया है। उक्त नाम के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार शर्मा दर्ज किया जाए।

# डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय ने प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आगाज 2025' की मेजबानी की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर, मोदीनगर ने अपने नए छात्रों के लिए एक रोमांचक शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत को चिह्नित करते हुए अपना पहला ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आगाज 2025' आयोजित किया। समारोह की शुरूआत एक पवित्र दीप प्रज्वलन समारोह और एक भावपूर्ण सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसने एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव के लिए स्वर निर्धारित किया।

डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. डॉ. डी.के. मोदी जी ने एक गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रो. (डॉ.) पी.एन. हृषीकेश, कुलपति ने विश्वविद्यालय की वैश्विक दृश्यता और उद्योग-शिक्षा



सहयोग के लिए दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए सभा को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रमों, सुविधाओं, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, परीक्षा प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी भी प्रदान की, जिसमें पारदर्शिता और गहन समझ के महत्व पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी अजय प्रजापति ने छात्रों के लिए उपलब्ध करियर अवसरों पर एक सूचनात्मक सत्र प्रस्तुत किया, जिसमें विश्वविद्यालय के मजबूत उद्योग संबंधों और प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को संभावित करियर पथ और उपलब्ध समर्थन के बारे में ज्ञान से लैस करना था। कार्यक्रम में यू.एन. मिश्रा, डॉ. शशि कुमार नायर, संजय गुप्ता, लेफ्टिनेंट जनरल अमित सरिन, अतुल सिंह, राज कुमार तायल, कैप्टन राजीव सक्सेना, डी.सी. शर्मा, डॉ. वी.पी. सिंह, सतीश कुमार गोयल, मेघराज शर्मा, श्री तरुण कुमार, डॉ. रीता बख्शी, कार्यकारी निदेशक, निदेशक, प्राचार्य, प्रधानाध्यापकों, संकाय सदस्य, छात्र और अभिभावकों सहित प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही। उनकी भागीदारी ने एक मजबूत शैक्षणिक समुदाय के निर्माण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। 'आगाज 2025' ने नए छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे, संकाय और पाठ्यक्रम से परिचित होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिससे शैक्षणिक जीवन में एक सहज संक्रमण सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम की सफलता डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय की एक पोषक वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है जो छात्रों को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त बनाता है।

# पोषण माह मे मिशन शक्ति के अन्तर्गत पोषण पंचायत का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 हिमानी अग्रवाल के अध्यक्षता में बुधवार को तहसील मोदीनगर में पोषण माह वर्ष 2025 में मिशन शक्ति के अन्तर्गत पोषण पंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 हिमानी अग्रवाल के द्वारा एक पेड मॉ के नाम अभियान में पौधा रोषण किया गया। आयोजित पोषण पंचायत में बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से (फास्ट फूड बनाम जंक फूड) का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वेदशी खिलौने व हेल्दी रेसिपि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरूष सहभागिता को सम्मिलित करते हुए जागरूकता स्टॉल का निरीक्षण किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 हिमानी अग्रवाल के द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों तथा क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली कर्मठ कार्यकर्त्रियों को प्रस्शतिपत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि वार्ष्णेय, डा0 रवि, चिकित्साधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, श्रीमती स्वाती बाल विकास परियोजना अधिकारी भोजपुर, मुख्य सेविकाएं एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# गंगापुर सिटी नगर परिषद के चेयरमैन की दबंगई के सामने बौने साबित हुए तहसीलदार के आदेश



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट मोन–9811371054=9818951279

वेलकम इंडिया

सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी की नगर परिषद में कार्यरत चेयरमैन शिवरतन गुप्ता पुत्र सुरेश के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचारों में से एक नए भ्रष्टाचार की पोल खुली है मीडिया को जानकारी देते हुए गंगापुर सिटी निवासी सामाजिक व आरटीआई कार्यकर्ता राहत अली खान एवं उनके अधिवक्ता राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि तहसीलदार कार्यालय गंगापुर सिटी द्वारा दिनांक 14 सितंबर 2022 को एक नोटिस क्रमांक /राजस्व/2022/2088 तहसीलदार अजय सिंह मीना के हस्ताक्षर से जारी किया गया था उक्त नोटिस में वर्तमान चेयरमैन नगर परिषद गंगापुर सिटी शिवरतन गुप्ता पुत्र सुरेश जाति महाजन को ग्राम मिजार्पुर स्थित चारागाह की भूमि खसरा नंबर 138 पर पुख्ता निर्माण कर किए गए अवैध अतिक्रमण (उनके होटल के हिस्से) को हटाने के क्रम में आदेश जारी किए गए थे और इस आदेश से पूर्व भी धारा 91 की कार्यवाही करते हुए बेदखली के आदेश जारी किए गए थे लेकिन चेयरमैन की चल रही दबंगई के सामने ये आदेश बौने साबित होकर रह गए और आज तक उनके अथवा उनके होटल के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्यवाही देखने को नही मिली है, दिलचस्प बात यह भी है कि जिन तहसीलदार के हस्ताक्षर से यह नोटिस जारी हुआ था वर्तमान में गंगापुर सिटी तहसील में वो ही तहसीलदार कार्यरत है फिर भी कार्यवाही नही होना अचरज और अचंभे की बात है इससे तहसीलदार की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए है ?? गंगापुर सिटी में कुछ छुटभैया नेताओं का भ्रष्टाचार किस कदर हावी है यह अब इस बात से साफ हो गया कि खुलेआम चेयरमैन जैसे जिम्मेदार ही चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं तो फिर आम जनता का क्या होगा ? और ऐसे में भूमाफियाओं को दोष देने से क्या फायदा, जब रक्षक ही भक्षक बन बैठे हों, अब इस पूरे मामले को लेकर परिवादी राहत अली खान ने सरकार द्वारा चलाए गए अटल जन सेवा शिविर में उपखण्ड अधिकारी गंगापुर सिटी को शिकायत की है देखना होगा कि अब आगे चेयरमैन और उनके होटल के विरुद्ध कोई कार्यवाही होगी या पहले की तरह फिर उनकी शिकायत को दवा दिया जाएगा।



# टाण्डा के स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** नगर के वार्ड 07 स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मीना मंच का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर काल्पनिक पात्र मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मीना के जन्मदिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मीना मंच के जरिए बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने, नेतृत्व और सहयोग की भावना विकसित करने के साथ-साथ किशोरावस्था की चुनौतियों और जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा, बालिकाओं को उनके अधिकारों और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मीना मंच के लिए सभी कक्षाओं से बालिकाओं को 'पावर एंजिल' के रूप में चुना जाता है, जो अपनी सहपाठियों को प्रेरित करने और नेतृत्व प्रदान करने का कार्य करती हैं। यह मंच बालिकाओं को अपनी बात रखने और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर देता है। इस मौके पर वक्ताओं ने चिंता जताई कि आज के दौर में भी बालिकाओं और महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएँ सामने आ रही हैं। कुछ रूढ़िवादी सोच वाले लोग बालिकाओं को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास करते हैं। इस संबंध में अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा दें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। वक्ताओं ने जोर देकर कहा, जब बेटी पढ़ेगी, तभी समाज बदलेगा। बेटियों के हाथ में घर और समाज को बदलने की ताकत है। इस अवसर पर रसाना वारिस, सईद सागर और सईद रहमानी आदि मौजूद रहे।

# गिन्नी देवी मोदी पीजी कॉलेज की छात्रा अर्पिता कौशल ने स्वर्ण पदक किया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)। गिन्त्री देवी मोदी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोदीनगर में बी.एस.सी. (क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स) की छात्रा कुमारी अर्पिता कौशल ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। अर्पिता को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 37 वे दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला जी तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष श्री टीजी सीताराम के कर कमलों द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम



शर्मा ने भी सम्मानित छात्रा का उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त एम.ए. गृह विज्ञान की कुमारी (ऋतुपर्णा गुप्ता) एम.एस.सी (क्लॉथिंग एंड टेक्सटाइल) की कुमारी विशाखा तथा एम.एस.सी. (फूड्स एंड न्यूट्रिशन) की कुमारी भावना उपाध्याय ने विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान को उच्च शिखर पर पहुंचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। विगत वर्षों में भी गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। गृह विज्ञान विभाग की समस्त प्रवक्ताओं ने भी विजेताओं को आशीर्वचन तथा शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विधायक ने जीएसटी दरों में की गई कटौती से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने स्थानीय बाजार में व्यापारियों से भेंट कर केंद्र सरकार द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर जीएसटी दरों में की गई कटौती से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की।

डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि यह सराहनीय निर्णय न केवल व्यापारियों और उपभोक्ताओं को सीधी राहत प्रदान करेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्र हितकारी अभियानों को और अधिक गति एवं सशक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कदम से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और उपभोक्ताओं को त्योहारी सीजन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, स्वदेश जैन, अमित चौधरी, संजय चौधरी सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# जीएसटी दरों में कटौती: भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने वाला कदम



वेलकम इंडिया

भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। इस विकास यात्रा में नीतिगत निर्णयों की अहम भूमिका रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में की गई कटौती इसी श्रंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह कदम न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करता है, बल्कि उद्योग जगत और निवेशकों के लिए भी सकारात्मक संकेत देता है।

**उपभोक्ताओं को सीधी राहत:** जीएसटी दरों में कमी का सबसे बड़ा फायदा आम जनता को मिलेगा। रोजमर्रा की कई वस्तुएं और सेवाएं अब पहले से सस्ती होंगी। इससे लोगों की जेब पर भार कम होगा और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। जब उपभोक्ताओं के पास अधिक खर्च करने की क्षमता होगी, तो बाजार में मांग बढ़ेगी। बढ़ती मांग स्वाभाविक रूप से उत्पादन और वितरण प्रणाली को गति देगी।

**एमएसएमई और उद्योग जगत के लिए लाभकारी:** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे और मंझोले उद्यम (एमएसएमई) जीएसटी दरों में कटौती से विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। कम टैक्स बोझ का सीधा असर उनकी उत्पादन लागत पर पड़ेगा। इससे न केवल उनके मुनाफे की स्थिति बेहतर होगी, बल्कि घरेलू उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे। यह निर्यात को बढ़ावा देगा और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करेगा।

**निवेश माहौल में सुधार:** टैक्स ढांचे को सरल और व्यवहारिक बनाना किसी भी निवेशक के लिए विश्वास बढ़ाने वाला होता है। जीएसटी दरों में कमी से विदेशी निवेशकों को यह संदेश जाता है कि भारत व्यवसाय करने के लिए लगातार अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में यह एक और ठोस कदम है, जो दीर्घकाल में भारत को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बना सकता है।

**सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक:** मोदी सरकार की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि वह केवल राजस्व संग्रह पर ही ध्यान नहीं देती, बल्कि जनता और उद्योग जगत की जरूरतों को समझते हुए नीतिगत फैसले लेती है। टैक्स दरों में कटौती को व्यापक आर्थिक रणनीति से जोड़कर देखा जाना चाहिए। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है झ उपभोक्ता को राहत, उद्योग को प्रोत्साहन और अर्थव्यवस्था को रफ्तार।


**अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव:** विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी दरों में इस कटौती से देश की जीडीपी में भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की जाएगी। बढ़ती खपत, सशक्त होता उद्योग और निवेश का बढ़ता प्रवाह आने वाले वर्षों में भारत को न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

**निष्कर्ष:** जीएसटी दरों में कटौती केवल एक वित्तीय सुधार नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी पहल है जो आम नागरिक, उद्यमी और निवेशक झ सभी को लाभान्वित करती है। यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी की उस दूरदर्शी सोच का परिचायक है जिसमें ॅसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासॅ केवल नारा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है।

# टैक्स ऑडिट की तिथि बढ़ाने को प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ व अन्तर्राष्ट्रीय न्यायविद परिषद, लंदन से जुड़े वरिष्ठ कर अधिवक्ता अरूण राघव ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को पत्र लिख कर आयकर पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया तथा टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। पत्र मे राघव ने माननीय प्रधानमंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 है जो कि काफी निकट है। जबकि आयकर विभाग का ई पोर्टल सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहा है। आलम यह है कि पोर्टल पर बार बार लॉग-इन करना पडता है, एक बार मे लॉग-इन नहीं होता है, यह स्थिति ठीक वैसी है जैसे किसी व्यक्ति को मोबाइल से फोन करने पर एक बार मे बात नही होती, बार बार डिस्क्नैक्ट होता है और आवाज भी कट कट कर आती है। यही स्थिति वर्तमान मे आयकर पोर्टल की है, साथ ही थोडी थोडी देर मे आयकर पोर्टल पर तकनीकी त्रुटिया अर्थात एरर दृष्टिगत होती है जो आयकर पोर्टल की गति को और धीमा कर देती है। ऐसी विपरीत परिस्थिति मे आयकर विभाग चाहता है कि 30 सितम्बर तक पूरे देश मे होने वाले लगभग 45 लाख ऑडिट समय पर पूर्ण हो जाए। ऐसा कैसे सम्भव है ? जबकि आज तक सिर्फ 3.10 लाख ऑडिट ही पूर्ण हो सके है। इसके अतिरिक्त आपके संज्ञान मे लाना है कि देश का प्रत्येक टैक्स प्रोफेशनल 16 सितम्बर तक गैर ऑडिट मामलों की आयकर रिटर्न फाइलिंग मे व्यस्त था, जिसे हमने रात रात भर जागकर किसी तरह से पूर्ण किया जबकि आयकर पोर्टल 10 सितम्बर से ही रूक रूक कर कार्य कर रहा था।



# किसानों की समस्याओं पर तेजी से हो समाधान: सीडीओ

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहुँचे। सीडीओ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसानों से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। बैठक में सबसे पहले गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने अनिस्तारित शिकायतों को तत्काल निस्तारित करने का आदेश दिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान दिवस में आए प्रत्येक किसान से सीडीओ ने व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्या सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को यह भी आदेश दिया गया कि शिकायतों का निस्तारण होने के बाद उसकी आख्या और संबंधित फोटोग्राफ उप कृषि निदेशक कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएं। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बिजेन्द्र तोमर, मनोज नागर और नेपाल सिंह ने किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति, गन्ना भुगतान और ग्रामीण सड़कों की खराब हालत जैसे मुद्दों को उठाया। इस अवसर पर विद्युत विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता (विद्युत एवं लोक निर्माण) सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में लगभग 100 से अधिक किसान भी अपनी समस्याएँ लेकर शामिल हुए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन उप कृषि निदेशक गाजियाबाद श्री राम जतन मिश्र द्वारा किया गया।

## पीएम मोदी का देशवासियों को दीपावली तोहफा: जीएसटी में छूट से हर वर्ग को लाभ

**गाजियाबाद।** देशभर में जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में एक विशेष बैठक और आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे, जिनका व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी और शहर भर के सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी छूट के रूप में देशवासियों को दीपावली का अनमोल तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से आम जनता के जीवन में उल्लास, रंगीनता और प्रकाश आया है। जीएसटी में दी गई छूट का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब रोजमर्रा की वस्तुएं या तो टैक्स मुक्त हो गई हैं या उन पर नाममात्र का ही टैक्स रह गया है। विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि जीएसटी में यह बदलाव मजदूर, युवा, किसान, गृहिणी, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगा।

## नगर निगम में निर्विरोध कार्यकारिणी चुनाव संपन्न, उपवन उद्घाटन और वार्ड विकास के लिए बजट घोषणा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हिंदी भवन में आयोजित गाजियाबाद नगर निगम की माननीय सदन की बैठक में बुधवार कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक की निगरानी में नगर निगम के छह कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में भाजपा से पांच और विपक्ष से एक सदस्य निर्विरोध चुने गए। निर्वाचित सदस्यों में भाजपा से प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव, गौरव सोलंकी, विनील दत्त और देव नारायण शामिल हैं, जबकि विपक्ष से अजय शर्मा निर्विरोध चुने गए। सभी निर्वाचित सदस्यों ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक की शुरूआत महापौर सुनीता दयाल ने देश में जीएसटी दरों में हुई कमी को लेकर सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद प्रस्ताव पास कराकर की। महापौर ने कहा कि यह निर्णय आम जनता और व्यापारिक वर्ग दोनों के लिए राहत देने वाला कदम है। यह पहल व्यापारियों, मजदूरों और आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएगी और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में संतुलन बनाए रखेगी। सदन में महापौर ने एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के तहत इंदिरापुरम एसटीपी के पास बने उपवन का नाम हीराबेन उपवन रखने का प्रस्ताव पास कराया। इस पहल के माध्यम से मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण दोनों का संदेश समाज तक पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन महोत्सव सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विजय नगर मिलिट्री ग्राउंड में बने उपवन का नाम नमो उपवन रखने का निर्णय भी सदन में पारित किया गया।

## सिविल डिफेंस में पदोन्नति पर अमित श्रीवास्तव का स्वागत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नागरिक सुरक्षा के कलेक्ट्रेट प्रभाग की पोस्ट 7 पर अमित श्रीवास्तव को स्टाफ आफिसर टू डिविजनल वार्डन बनाए जाने पर उनका सम्मान किया गया। राजनगर सेक्टर 14 स्थित गगन अरोड़ा के निवास पर आयोजित मासिक बैठक के दौरान पोस्ट 7 के पदाधिकारियों ने अमित श्रीवास्तव को पटका पहना कर तथा फूलों का बुके देकर उनका स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार ने पोस्ट 7 के सभी कर्मठ सेक्टर वार्डन तथा पदाधिकारियों को गत दिनों में विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी व सहयोग के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सभी वार्डन जल्दी से जल्दी सबसे पहले अपनी टीम को पूरा करें। उसके बाद अपने क्षेत्र में तथा स्कूलों में प्रशिक्षण का आयोजन अवश्य करें। इस मौके पर पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मासिक बैठक में डिप्टी पोस्ट वार्डन पल्लवी शर्मा, गगन अरोड़ा, निखिल गर्ग, वन्दना अरोड़ा, नीतू गर्ग भरत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राम के राज्याभिषेक की तैयारी में जुटे अयोध्या वासी

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** राजनगर में श्री रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला में पूरे उत्साह और हर्ष के साथ अयोध्या नगरी में चारों राजकुमारों के विवाह के बाद चारों ओर खुशियां बरस रहीं हैं। राजा दशरथ ऐसे माहौल में राम के राज्याभिषेक की घोषणा करके खुद संन्यास लेने का मन बना रहे हैं। ऐसे में रानी कैकेयी की दासी मंथरा उनके कान भरती हैं और वह कोप भवन में जाकर लेट जाती हैं। जब राजा दशरथ को इसकी सूचना मिलती हैं तो रानी कैकेयी से वातार्लाप करने के लिए कोप भवन पहुँचतें हैं और उन्हें मनाने की कोशिश करते हैं। तब रानी कैकेयी उन्हें याद दिलाती हैं कि युद्ध के दौरान राजा दशरथ ने उन्हें दो वरदान देने को कहा था। राजा दशरथ द्वारा वरदान मांगनें के लिए कहने पर पर वह राम के लिए 14 वर्षो का वनवास और अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी मांगती हैं। राजा दशरथ फिर उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं लेकिन रानी कैकेयी अपनी मांग पर अड़ी रहती हैं। जिसके कारण राजा दशरथ की हालत चिंताजनक हो जाती हैं। जब कौशल्या नंदन राम को माता कैकेयी की मांग का पता चलता हैं तो वह राजसी वस्त्र उतार कर वन गमन के लिए तैयार हो जाते हैं। उनके साथ सीता जी तथा लक्ष्मण भी वन जाने को तैयार हो जाते हैं। भगवान श्री राम अपने पिता के वचनों का पालन करने के लिए राजसी वस्त्र उतार कर वन की ओर प्रस्थान कर चुके हैं। सभी के समझाने पर राम नहीं मानते हैं। उनके पीछे पीछे सारे अयोध्यावासी भी रोते बिलखते चल रहे हैं। बार बार उनसे यही अनुरोध कर रहे हैं कि वह वन को न जाएं। सभी के समझाने पर भी राम अपने निर्णय पर अडिग हैं।यह दृश्य पूरे अयोध्यावासियों के साथ साथ मैदान में मौजूद सभी दर्शकों को भी विचलित कर देता हैं। अयोध्यावासियों तथा मंत्री सुमंत के सोने के पश्चात श्री राम , भाई लक्ष्मण तथा पत्नी सीता के साथ सरयू नदी पार कर जाते हैं। नदी पार करने के लिए जब वह नाव में प्रवेश करते हैं तो केवट पहले उनके चरण धोता हैं। इस कार्य के लिए राम केवट को बहुत मना करते हैं लेकिन वह मानता ही नहीं है। इस दौरान फिर श्री राम और केवट दोनों के बीच लम्बा संवाद होता हैं। नदी पार उतरने के बाद उतराई के रुप में वह केवट को अपनी मुद्रिका देते हैं, जिसे वह लेने से इंकार कर देता है। केवट कहता है कि जब भगवन आपके पास मैं आंऊ तो मुझे भी भवसागर से पार करा देना। तब भगवान राम उसे अविरल भक्ति का वरदान देकर आगे बढ़ जाते हैं। दूसरी ओर राजा दशरथ को होश में आने पर जब पता चलता हैं कि राम लक्ष्मण और सीता वन की ओर प्रस्थान कर गए हैं तो पुत्र वियोग में उनके प्राण पखेरु उड़ जाते हैं। मरने से पूर्व वह रानी कौशल्या को श्रवण और उसके माता पिता की घटना को विस्तार से बताते है। राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार मिलते ही पूरी अयोध्या नगरी में चारों ओर हाहाकार मच जाता है। इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की कार्यशाला

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.टेक. और इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सोनू प्रकाश तथा डेटा वैज्ञानिक श्री अमन कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं के माध्यम से कार्यक्रम को और अधिक ज्ञानवर्धक बनाया। छात्रों ने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जमकर सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण की मांग की।

## कविनगर रामलीला समिति ने तोड़ी अफवाहों की चुप्पी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति, कविनगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने स्पष्ट किया कि समिति पूरी तरह से वैध और पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि समिति का नवीनीकरण हाल ही में कराया गया है और यह 2030 तक मान्य है। इसके रजिस्ट्रेशन की पूरी कॉपी उनके पास सुरक्षित है। अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने कहा कि पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर समिति के सम्मानित आजीवन सदस्य हैं और सदैव रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों द्वारा फैलाए गए भ्रम से स्थिति गलत ढंग से प्रस्तुत की जा रही है। समिति पर भ्रष्टाचार और चंदा निजी लाभ में इस्तेमाल करने के आरोपों को भी समिति ने पूरी तरह खारिज किया। अध्यक्ष ने बताया कि हर चंदे की रसीद दी जाती है और हर साल समिति का ऑडिट होता है। रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी बैलेंस शीट जमा की जाती है।

जब अध्यक्ष और महामंत्री को मानहानि का नोटिस मिलने के सवाल पर समिति ने स्पष्ट किया कि रामलीला समिति में 31 लोगों की कार्यकारिणी है और लगभग 300 लोग आम सभा के सदस्य हैं। किसी भी निर्णय को अध्यक्ष या महामंत्री अकेले नहीं लेते। हाल ही में रमेश चंद तोमर सहित 127 सदस्यों को पत्र भेजा गया, जो सभी सदस्यों की सहमति से लिया गया निर्णय था।

## सीनियर स्टूडेंट्स की भावपूर्ण विदाई

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को बी.एड. विभाग के सीनियर विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और उत्साहपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बी.एड. सत्र 2024–26 के जूनियर्स ने बी.एड. सत्र 2023–25 के अपने वरिष्ठ साथियों को यादगार विदाई देकर रिश्तों और दोस्ती की मजबूत डोर का प्रतीक प्रस्तुत किया। समारोह की शुरूआत जूनियर्स द्वारा सीनियर्स का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद छात्र–छात्राओं ने नृत्य, गीत और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अनुभव और यादों को साझा किया। मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में और अधिक उत्साह भर दिया, जबकि वरिष्ठ छात्रों की आंखों में खुशी और विदाई के आंसू दोनों दिखाई दिए। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने सीनियर विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके शैक्षणिक योगदान और सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# 16 दिवसीय विशेष अभियान के तहत लोक कल्याण मेला आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण ने सार्वजनिक सूचना के माध्यम अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत विगत दिनांक 17 सितम्बर से आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक 16 दिवसीय विशेष अभियान ₹लोक कल्याण मेला₹ तथा इसके दौरान एफएसएसएआई द्वारा समस्त निकायों में फूड वेण्डर्स की ट्रेनिंग कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है।

इस कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्टॉल तथा पीएम स्वनिधि के नये आवेदकों को आवेदन कराने एवं द्वितीय व तृतीय ऋण के निस्तारण हेतु पथ विक्रेताओं को सहायता प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें नगर निकायों के अन्तर्गत आने वाले पीएम स्वनिधि के पथ विक्रेताओं द्वारा बढ चढकर प्रतिभाग किया जा रहा है। उक्त आयोजित किये जा रहे लोक कल्याण मेले में आने वाले व्यक्तियों को पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है, तथा आवश्यक औपचारिकताए पूर्ण करते हुए आवेदन करने हेतु सूचित किया जा रहा है।

# गाजियाबाद में जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी की ईमानदारी की गूंज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में बुधवार को एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने यह साबित कर दिया कि अगर अधिकारी ईमानदार और नियमों के प्रति दृढ़ निश्चयी हो, तो बदलाव केवल संभव ही नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दिखाई भी देता है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी की कार्यशैली और सख़्ती का असर अब आम जनता तक पहुंच चुका है। फाइनेंशियल कंसलटेंट रविंद्र तिवारी ने बताया कि कई वर्षों बाद जब वे अपनी स्कूटी लेकर बाहर निकले और पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने पहुंचे, तो पंपकर्मियों ने साफ कह दिया कि जब तक हेलमेट नहीं लगाया जाएगा, पेट्रोल नहीं डाला जाएगा। पहले तो उन्हें आश्चर्य हुआ, लेकिन जैसे ही उन्होंने हेलमेट पहना, तुरंत तेल भर दिया गया। इस अनुभव से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि आज यह देखकर गर्व हुआ कि अधिकारी ईमानदार हो तो जिले में हर नियम लागू हो सकता है। हेलमेट पहनना हमारी सुरक्षा के लिए है, और जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी की हनक व सख़्ती ने इसे जमीनी हकीकत बना दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी अपने साफ-सुथरे प्रशासन और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पदभार संभालते ही स्पष्ट कर दिया था कि नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह राशन वितरण की पारदर्शिता हो, गैस और ईंधन की आपूर्ति में अनुशासन हो, या सड़क सुरक्षा जैसे नियम-अमित तिवारी की कार्यशैली हर क्षेत्र में झलकती है। पेट्रोल पंप पर हुई इस घटना ने न केवल लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया, बल्कि प्रशासन के प्रति उनका भरोसा भी मजबूत किया। अब लोग मानने लगे हैं कि जब अधिकारी स्वयं ईमानदारी और सख़्ती से काम करते हैं तो व्यवस्था स्वतः ही सुधर जाती है।

# कमिश्नर गाजियाबाद ने एसीपी नंदग्राम एसीपी समेत , महिला थाना टीम को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद में महिला थाना पुलिस टीम को पुलिस पुलिस कमीशन जे. रविंद्र गौड जी द्वारा 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस निरन्तर प्रभावी कार्यवाही कर रही है। बीते 22 सितंबर की रात एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय के तत्वधान में महिला थाना प्रभारी ऋतु त्यागी और उनकी महिला पुलिस टीम द्वारा साहसिक कार्य करते हुए मुठभेड़ के दौरान चोरी/लूट/छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। महिला थाना पुलिस टीम की इस साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुए पुलिस आयुक्त द्वारा टीम को 25000/- रुपये के नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड ने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों द्वारा किया गया यह उत्कृष्ट कार्य न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष उदाहरण है, बल्कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत करने का भी कार्य करेगा।



# पोषण और वेलनेस पर फोकस किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी ने पोषण माह को उत्साहपूर्वक मनाते हुए समाज में पोषण जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर बुधवार को अस्पताल ने कई रोचक और सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनका उद्देश्य लोगों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की सबसे प्रमुख गतिविधियों में हेल्दी कुकिंग प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा ने किया। प्रतिभागियों की रचनात्मकता और पोषण के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य और वेलनेस की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।